www.tamsasanket.com
वर्षः 30 || अंक 10 || अम्बेडकरनगर
**बुधवार**
01 अप्रैल 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

**मौसम**
सूर्योदयः 05:58
सूर्यास्तः 06:23
अधिकतमः 36°00
न्यूनतमः 23°00




विशेष समाचार | विकसित भारत के लिए ... >> पेज 04 | एमबीए स्टूडेंट की किडनी ... >> पेज 06 | 4000 करोड़ की 'रामायण' के ...



## फुटपाथ पर लोकतंत्र: परिणाम पर उठे बड़े सवाल ■ विवादों में पूरा चुनाव

# चुनाव का खेल?

### शपथ से पहले ही विवादों में घिर चुका पूरा परिणाम, आरोप-प्रत्यारोप के बीच प्रशासन के पक्ष में भी आवाजें तेज

हेमन्त कृष्ण, स्वतंत्र पत्रकार

**तमसा संकेत, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में हाल ही में संपन्न हुआ उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति (पुनर्गठित) का चुनाव अब अभूतपूर्व विवादों के घेरे में आ चुका है।

जिस चुनाव को पत्रकारों के लोकतांत्रिक अधिकारों की मिसाल बनना था, वही अब अपनी प्रक्रिया, पारदर्शिता और वैधता को लेकर सवालों के केंद्र में आ गया है। एनेक्सी मीडिया सेंटर में प्रस्तावित यह चुनाव प्रशासनिक रोक के बाद सड़क पर कराया गया, और मतदान के तुरंत बाद घोषित परिणाम अब शपथ ग्रहण से पहले ही संदेह और आपसी मतभेदों के साए में आ चुके हैं।

> ■ "प्रशासन एयर कंडीशन में बैठता है... हजारों करोड़ के घोटाले करता है" - संयोजक का बयान बना विवाद की वजह

30 मार्च को आयोजित पहली बैठक में ही जिस तरह के हालात सामने आए, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि संगठन के भीतर सहमति की बजाय असंतोष अधिक गहरा है और चुनाव प्रक्रिया को लेकर गंभीर अविश्वास पनप चुका है।

### संयोजक के बयान से बढ़ा विवाद



इसी बीच संयोजक प्रभात त्रिपाठी के बयान ने पूरे विवाद को और अधिक तीखा बना दिया है। उन्होंने प्रशासन पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि "प्रशासन एयर कंडीशन में बैठता है और गाड़ियों से घूमता है, हजारों-करोड़ों रुपये के घोटाले करता है, तो क्या पत्रकारों के चुनाव के लिए सूचना विभाग का ऑडिटोरियम नहीं मिल सकता?" सूचना निदेशक विशाल सिंह और अपर मुख्य सचिव सूचना संजय प्रसाद को जवाब देना पड़ेगा।

प्रभात त्रिपाठी के इस बयान के बाद पत्रकारों के एक वर्ग में रोष भी देखने को मिला है। कई पत्रकारों ने इस तरह के सीधे और गंभीर आरोपों को अनुचित बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है और कहा है कि बिना ठोस प्रमाण के इस प्रकार के आरोप सार्वजनिक मंच से लगाना उचित नहीं है।

### लोकतंत्र, मर्यादा और जिम्मेदारी पर बहस

यह पूरा घटनाक्रम अब केवल एक संगठन का आंतरिक मामला नहीं रह गया है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया और पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर रहा है। एक ओर चुनाव प्रक्रिया को लेकर संदेह है, तो दूसरी ओर बिना प्रमाण लगाए गए आरोपों ने माहौल को और जटिल बना दिया है, जिससे जिम्मेदार आचरण और संस्थागत मर्यादा पर भी बहस तेज हो गई है।


**घटनास्थल पर प्रशासन और पत्रकारों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। आरोप है कि संयोजक द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों, जिनमें सूचना विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं, पर सार्वजनिक रूप से गंभीर आरोप लगाए गए।**
**इस दौरान मौजूद कई पत्रकारों ने इन बयानों का विरोध भी किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।**



अपर मुख्य सचिव सूचना संजय प्रसाद और सूचना निदेशक विशाल सिंह को लेकर प्रशासनिक हलकों में यह माना जाता है कि दोनों अधिकारियों का अब तक का कार्यकाल बेदाग रहा है। यही कारण है कि वर्तमान सरकार में उन्हें महत्वपूर्ण और उच्च जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।



### सड़क "हाईजैक" के बीच चुनाव



एनेक्सी गेट के सामने सड़क के हिस्से पर मतदान कराया गया, जिससे हालात संवेदनशील हो गए। मौके पर हजरतगंज थाना सहित कई थानों की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे।


करीब 3-4 घंटे तक सड़क पर मतदान चला, लेकिन प्रशासन की सतर्कता से न तो कोई अप्रिय घटना हुई और न ही ट्रैफिक पूरी तरह बाधित हुआ। सिविल और पुलिस प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित रखते हुए व्यवस्था संभाले रखी।

### पहली बैठक में ही उभरा नेतृत्व संकट और असंतोष

चुनाव के बाद बुलाई गई पहली बैठक विधानसभा स्थित प्रेस रूम में संपन्न हुई, लेकिन यह बैठक अपेक्षित एकजुटता के बजाय असहजता और मतभेदों का मंच बन गई।

निर्वाचित अध्यक्ष की मौजूदगी के बावजूद बैठक का संचालन संयोजक द्वारा किया गया, जिससे संगठन के भीतर नेतृत्व को लेकर सवाल खड़े हुए। अध्यक्ष का कुछ ही मिनटों के लिए आना और फिर चले जाना भी चर्चा का विषय बना रहा।

जारी वीडियो में निर्वाचित पदाधिकारी निष्क्रिय भूमिका में दिखाई दिए, जबकि संयोजक मुख्य वक्ता के रूप में सक्रिय रहे। इससे यह संकेत मिला कि चुनाव के बाद भी संगठन के भीतर शक्ति संतुलन स्पष्ट नहीं हो पाया है।


उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति (पुनर्गठित)
मतपत्र चुनाव वर्ष (2026-27)
अध्यक्ष (एक पद)
1. सुल्तान शहरयार खान
2. शेखर पण्डित
महासचिव (एक पद)
1. ज्ञानेश पाठक
2. शैलस प्रताप सिंह
कोषाध्यक्ष (एक पद)
1. राजू
2. विक्रम राव
3. वेद प्रकाश

### मतदान प्रक्रिया पर गंभीर आरोपों ने बढ़ाया अविश्वास

चुनाव प्रक्रिया को लेकर सबसे गंभीर सवाल मतदान के तरीके और समय को लेकर उठे हैं। कई प्रत्याशियों और मतदाताओं का आरोप है कि मतदान निर्धारित समय से काफी देर से शुरू हुआ और फिर अचानक समय से पहले ही समाप्त कर दिया गया।

कई पत्रकार जब मतदान स्थल पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि मतदान समाप्त हो चुका है, जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर सके। इससे यह आशंका पैदा हुई कि मतदान प्रक्रिया को सीमित समय में नियंत्रित तरीके से पूरा किया गया।

कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि मतपत्रों का वितरण और संग्रहण पारदर्शी ढंग से नहीं हुआ, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

**मतदान प्रक्रिया पर उठे सवाल**
- मतदान निर्धारित समय से देर से शुरू हुआ
- आरोप है कि समय से पहले ही मतदान समाप्त कर दिया गया
- कई मतदाता वोट डालने से वंचित रह गए
- मतपत्रों पर न सीरियल नंबर थे, न अधिकारियों के हस्ताक्षर
- मतपत्रों की काउंटर कॉपी सुरक्षित नहीं रखी गई

**प्रत्याशियों के आरोप**
- कुछ प्रत्याशियों ने मतपत्रों के दुरुपयोग और धांधली के आरोप लगाए
- आरोप है कि मतपत्र जबरन लेकर एकतरफा तरीके से भरे गए
- विरोध करने पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई

### अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ने किया बहिष्कार

अध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदारों में से एक शहरयार खान ने भी मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार कर दिया।

जैसे ही उन्हें जानकारी मिली कि चुनाव निर्धारित प्रेस रूम के बजाय सड़क पर कराया जाएगा, उन्होंने अपने समर्थकों के साथ मतदान से दूरी बना ली और मतदान स्थल से हट गए। यह घटनाक्रम चुनाव की निष्पक्षता पर और भी बड़े सवाल खड़े करता है।

### सड़क पर हुआ मतदान बना विवाद की जड़

यह चुनाव पहले से तय एनेक्सी मीडिया सेंटर के बजाय लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी गेट) के बाहर सड़क पर कराया गया था। आरोप है कि प्रशासन द्वारा प्रवेश रोकने के बाद संयोजक ने विरोध स्वरूप सड़क पर ही मतदान शुरू करा दिया। करीब तीन से चार घंटे तक सड़क के बीच मतदान चला, जिससे यातायात प्रभावित रहा, हालांकि पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित रखा गया।

### परिणाम घोषित, लेकिन स्वीकार्यता पर सवाल

चुनाव परिणामों में अध्यक्ष पद पर शेखर पंडित, महासचिव पद पर ज्ञानेश पाठक और कोषाध्यक्ष पद पर विक्रम राव को विजयी घोषित किया गया है। अन्य पदों पर भी परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, लेकिन जिस तरह से पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठे हैं, उससे इन परिणामों की स्वीकार्यता पर भी संशय बना हुआ है।

यह पूरा घटनाक्रम अब केवल एक संगठन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह पत्रकारिता की विश्वसनीयता और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की पारदर्शिता पर भी असर डालता है।जब पत्रकारों का चुनाव ही विवादों और आरोपों के घेरे में आ जाए, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या लोकतांत्रिक संस्थाओं के भीतर भी आंतरिक प्रक्रियाओं को मजबूत करने की आवश्यकता है।

---

**फास्ट न्यूज**

### मायके से मिली संपत्ति पर पति का अधिकार नहीं

अमरावती । आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी हिंदू महिला को माता-पिता से विरासत में संपत्ति मिली है और उसकी मौत बिना संतान, वसीयत किए बिना ही हो जाती है, तो उस संपत्ति पर पति-ससुराल का कानूनी हक नहीं होगा।

**खुदखुशी घटना**

### बेंगलुरु में इंजीनियर कपल ने सुसाइड किया

बेंगलुरु । बेंगलुरु के कोथनूर इलाके के अपार्टमेंट में एक इंजीनियर कपल के सुसाइड का मामला सामने आया है। पहले पति का शव फ्लैट के बंद कमरे में मिला। कई बार दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला तो पत्नी ने सिक्योरिटी और पड़ोसियों को बुलाया।

दरवाजा तोड़ने पर पति का शव फंदे से लटका मिला। इसके कुछ ही मिनट बाद पत्नी फ्लैट से बाहर निकलीं और उसी अपार्टमेंट की 17वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। मृतकों की पहचान तेलंगाना के सिद्दीपेट निवासी भानु चंदर रेड्डी कुंटा (32) और उनकी पत्नी शाजिया (31) के रूप में हुई है।

### सूरत की बिल्डिंग में आग, 5 की मौत

सूरत । गुजरात के सूरत में एक मकान में मंगलवार दोपहर को आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 4 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पड़ोसियों से मिली जानकारी के मुताबिक, शहर के लिंबायत इलाके का यह मकान एक व्यापारी का है, जिसमें करीब 8 टन साड़ियों का स्टॉक रखा हुआ था।

---

# पीएम मोदी ने किया 3,300 करोड़ के सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन

**मिशन**

### रोजाना 63 लाख यूनिट का प्रोडक्शन

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । पीएम मोदी ने गुजरात के साणंद GIDC में 3,300 करोड़ के केन्स सेमीकॉन प्लांट का उद्घाटन किया, जो भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के लिए बड़ा कदम है। यह OSAT सुविधा चिप्स की असेंबली, पैकेजिंग और टेस्टिंग करेगी और IPM जैसे मॉड्यूल का उत्पादन शुरू कर चुकी है, जो EV और इंडस्ट्रियल सेक्टर में इस्तेमाल होते हैं। भारत अब सिर्फ टेक्नोलॉजी का यूजर नहीं, बल्कि निर्माता बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)




### 63 लाख यूनिट्स का उत्पादन

जब यह प्लांट पूरी क्षमता से काम करेगा, तो यहां रोजाना करीब 63 लाख यूनिट्स का उत्पादन हो सकेगा। इससे न सिर्फ भारत की आयात पर निर्भरता कम होगी, बल्कि देश में रोजगार और इंडस्ट्री ग्रोथ को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

### कॉमर्शियल प्रोडक्शन भी शुरू

यह फैक्ट्री एक OSAT यूनिट है, जहां चिप्स का निर्माण नहीं बल्कि उनकी असेंबली, पैकेजिंग और टेस्टिंग होती है। आसान भाषा में समझें तो यह वह जगह है, जहां छोटे-छोटे चिप्स को एक साथ जोड़कर बड़े और काम के प्रोडक्ट में बदला जाता है। खास बात यह है कि यहां अब कॉमर्शियल प्रोडक्शन भी शुरू हो चुका है।

---

# बिहार- नालंदा के मंदिर में भगदड़


## 9 की मौत, इनमें 8 महिलाएं, राष्ट्रपति की सुरक्षा में 2500 जवान

**दर्दनाक**

तमसा संकेत, एजेंसी

नालंदा । बिहार में नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ मच गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। 8 महिलाओं की भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक पुरुष ने अस्पताल में दम तोड़ा।

चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में पहुंचे थे। वहां मेला भी लगा था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। दर्शन करने की जल्दी में धक्का-मुक्की मच गई। अफरातफरी के बीच कई लोग भीड़ में दब गए। बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। हादसे के बाद मंदिर और मेला को बंद करवा दिया है। >> (शेष पेज 06 पर)





### 40 मिनट बाद पहुंची एंबुलेंस

मंदिर में मौजूद एक श्रद्धालु ने बताया, 'भगदड़ के बाद कई महिलाएं बेहोश पड़ीं थीं। कुछ दर्द से चिल्ला रहीं थीं। लोगों ने पुलिस को खबर की। पहले 2-3 पुलिस वाले पहुंचे। उनके साथ मिलकर श्रद्धालुओं ने घायल महिलाओं को किनारे लिटाया। कई बार एंबुलेंस के लिए फोन किया गया। घटना के करीबब 40 मिनट बाद पहली एंबुलेंस पहुंची और पुलिस के कुछ अफसर भी आए। इसके बाद घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। महिलाओं को उठाते समय ही लग रहा था कि उनमें से कुछ की मौत हो गई है।'

### दर्शन की जल्दबाजी में मची भगदड़

महिला भक्तों ने बताया कि चैत्र महीने का ये आखिरी मंगलवार है। यहां मेला लगा था। भीड़ ज्यादा हो गई। मंदिर का गर्भगृह भी छोटा है। लोग जल्दी-जल्दी दर्शन करने के लिए एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश में थे। कोई लाइन में लगकर पूजा नहीं करना चाह रहा था। दूसरे श्रद्धालु ने बताया, 'सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया गया था। मंदिर के अंदर भारी भीड़ थी। पुलिस का जवान अंदर तैनात नहीं था। भीड़ को डायवर्ट करने या दो लाइनों में बांटने की कोई व्यवस्था नहीं थी। मंदिर के पुजारी ही जल्दी-जल्दी दर्शन कर निकलने को कह रहे थे।

>> (शेष पेज 06 पर)

---

**चर्चा : मायावती संगठन और जनाधार मजबूत करने पर शुरू हुआ मंथन**

# लखनऊ में बसपा बैठक

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की आज राजधानी लखनऊ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होने जा रही है, जिसमें पार्टी अध्यक्ष मायावती स्वयं शामिल होकर संगठन की समीक्षा करेंगी। यह बैठक सुबह 11 बजे प्रदेश कार्यालय में आयोजित की जाएगी, जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। इस बैठक को आगामी राजनीतिक रणनीति और संगठन को मजबूत करने के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में पार्टी के वर्तमान जनाधार, संगठनात्मक ढांचे और आगामी चुनावों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बसपा की राजनीति हमेशा से सामाजिक समीकरणों और जनाधार पर आधारित रही है। >> (शेष पेज 06 पर)




> आज होने वाली इस बैठक में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। सभी को पहले ही बैठक में शामिल होने के निर्देश दे दिए गए हैं। प्रदेश कार्यालय में होने वाली इस बैठक को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की गई है, ताकि बैठक सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

### संगठन को मजबूत करने पर रहेगा फोकस

बसपा प्रमुख मायावती का मुख्य फोकस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर रहेगा। पार्टी के भीतर लंबे समय से यह महसूस किया जा रहा है कि कई जिलों में संगठनात्मक गतिविधियां कमजोर पड़ी हैं। ऐसे में इस बैठक के जरिए बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने की रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में जिला और मंडल स्तर के पदाधिकारियों से उनके क्षेत्रों की रिपोर्ट ली जाएगी। साथ ही, यह भी देखा जाएगा कि किन क्षेत्रों में पार्टी की पकड़ कमजोर हुई है और उसे कैसे मजबूत किया जा सकता है।

### कोलकाता में ईसी ऑफिस के बाहर भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं में झड़प

नई दिल्ली/चेन्नई । कोलकाता में चुनाव आयोग ऑफिस (ECO) के बाहर मंगलवार को भाजपा और TMC कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। पुलिस के अनुसार, TMC समर्थित बूथ लेवल अधिकारियों (BLOs) का एक ग्रुप वोटर लिस्ट में हेरफेर के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा था। इस दौरान उन्होंने सुरक्षाबलों पर पथराव किया। इससे वहां खड़े वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। बाद में भाजपा के कार्यकर्ता भी वहां झंडा लेकर पहुंच गए। इसके बाद TMC प्रदर्शनकारियों की पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं से झड़प हो गई। पुलिस ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हल्का बल का प्रयोग किया गया। इधर बंगाल की CM ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि BJP बिहार, उत्तर प्रदेश के अवैध वोटरों को बंगाल के वोटर लिस्ट में शामिल करने की कोशिश कर रही है।

---

# अमेरिका किसी देश की मदद नहीं करेगा : ट्रम्प

## हिम्मत दिखाओ और होर्मुज जाकर तेल ले लो

**चेतावनी**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि अब अमेरिका किसी देश की मदद नहीं करेगा। देशों को खुद ही अपने हालात संभालने होंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ब्रिटेन जैसे देश जो होर्मुज स्ट्रेट से फ्यूल नहीं ले पा रहे हैं, उन्हें अमेरिका से तेल खरीदना चाहिए क्योंकि अमेरिका के पास इसकी कोई कमी नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि अगर देश चाहें, तो हिम्मत दिखाएं और खुद होर्मुज स्ट्रेट जाकर तेल ले लें। अमेरिका उनकी मदद के लिए नहीं आएगा, जैसे वे अमेरिका की मदद के लिए नहीं आए। अपने बयान में उन्होंने यह भी कहा कि ईरान काफी हद तक कमजोर हो चुका है और सबसे मुश्किल काम पहले ही पूरा हो गया है। अब बाकी देश खुद जाकर अपना तेल ले सकते हैं।




> ■ अमेरिका ने ईरान में हथियार डिपो पर एयरस्ट्राइक की

>> (शेष पेज 06 पर)

## अफसर बोले- नए नियम से रेट बढ़ेंगे, रोज डेढ़ करोड़ अंडे दूसरे राज्यों से आते हैं

# यूपी में अंडे पर नहीं लिखी जाएगी एक्सपायरी डेट

**फैसला**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । यूपी में अंडों पर फिलहाल एक्सपायरी डेट नहीं लिखी जा सकेगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग (FSDA) ने हाथ खड़े कर दिए हैं। FSDA का कहना है- अगर ये नियम सख्ती से लागू होते हैं, तो यूपी में अंडों की शॉर्टेज आ जाएगी। रेट भी काफी बढ़ जाएंगे।

वीपी सिंह बताते हैं- बड़े व्यापारी और खासकर एनईसीसी (नेशनल एग कोऑर्डिनेशन कमेटी) अंडों की कालाबाजारी करने के लिए इस तरह का आदेश लागू नहीं होने दे रही। ये अपने हिसाब से अंडों का रेट गिराते और उठाते हैं। अंडों का रेट डाउन करके बाजार से अंडे ले लेकर स्टोर कर लेते हैं। जब अंडों की शार्टेज होती है, तो यही महंगे अंडे स्टोर से निकाल कर बेच देते हैं।



अंडे पर एक्सपायरी प्रिंट करने के लिए मशीनें आ चुकी है। यह अंडे को बिना छुए डेट प्रिंट कर देती है।

**उत्तर प्रदेश कुक्कुट विकास समिति के अध्यक्ष वीपी सिंह कहते हैं कि विभाग 2012 के आंकड़े दे रहा है। अब प्रोडक्शन काफी बढ़ चुका है।**

### पहली वजह- दूसरे राज्यों ने नहीं आ पाएंगे अंडे

यूपी में हर दिन लोग 3.35 करोड़ अंडे खा जाते हैं। ये आंकड़े यूपी को सबसे ज्यादा खपत वाला राज्य बनाते हैं। यूपी के पोल्ट्री फार्मों में 1.80 करोड़ अंडों का प्रोडक्शन होता है। बाकी अंडे हरियाणा, पंजाब, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से आते हैं। इन 5 राज्यों से यूपी में रोज करीब 1.55 करोड़ अंडों की सप्लाई होती है। यह कुल खपत का 46% है।

दरअसल, इन 5 राज्यों में अंडों पर स्टैंपिंग सिर्फ उन अंडों पर होती है, जिन्हें विदेश में एक्सपोर्ट करना होता है। यूपी में आने वाले अंडों पर कोई स्टैंपिंग नहीं होती। ऐसे में यूपी में अंडे पर प्रोडक्शन और एक्सपायरी डेट लिखने के नियम लागू होते ही दूसरे राज्यों के अंडे मार्केट में बिक नहीं पाएंगे। इससे तय है कि पूरे यूपी में अंडे की शॉर्टेज हो जाएगी।

### आरोप- बड़े व्यापारी के दबाव में नहीं लागू हो पा रहा आदेश

यूपी कुक्कुट विकास समिति के अध्यक्ष वीपी सिंह कहते हैं- विभाग बहानेबाजी कर रहा है। ये लोग यूपी के बड़े व्यापारियों के दबाव में हैं। पशुपालन विभाग की ओर से जो आंकड़े सप्लाई और उत्पादन के दिए गए हैं, वो आंकड़े 2012 के हैं। यूपी में अंडों का उत्पादन काफी बढ़ चुका है।

### दूसरी वजह- मार्केट और कोल्ड स्टोरेज में रखने वाले अंडों में कंफ्यूजन

यह भी बताया जा रहा है कि अंडे को अगर 5 डिग्री सेल्सियस तापमान पर रखा जाए, तो इसे 35 से 45 दिनों तक इस्तेमाल किया जा सकता है। 25 से 35 डिग्री सेल्सियस तापमान पर रखने पर यही अंडे 14 दिनों तक इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

अब प्रोडक्शन और एक्सपायरी डेट मुर्गी के अंडा देने के बाद लिखनी होगी। ऐसे में यह तय करना मुश्किल होगा कि कौन-सा अंडा सीधे मार्केट में जाएगा? कौन-सा अंडा कोल्ड स्टोरेज में रखा जाएगा? यही वजह है कि FSDA नियम लागू नहीं कर पा रहा है।

### 5 राज्यों को लिखा जाएगा लेटर

FSDA के एक वरिष्ठ अधिकारी कहते हैं- यूपी में जिन 5 राज्यों से अंडों की सप्लाई होती है, उनमें हरियाणा सबसे बड़ा सप्लायर है। यूपी में अंडों पर स्टैंपिंग के नियम लागू होने से पहले पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, हरियाणा और तमिलनाडु के शासन को लेटर लिखे जाएंगे। इन राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिस के बारे में पूछा जा रहा है कि वहां अंडों की एक्सपायरी को लेकर क्या नियम हैं? इन राज्यों से अनुरोध भी किया जाएगा कि वो इस तरह के नियम बनाएं, जिससे अंडों की डिमांड और सप्लाई में कोई अड़चन न आए।

## रुपये की गिरावट और भाजपा की छवि में 'कड़ी टक्कर' : अखिलेश

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि इस समय रुपये की गिरावट और भाजपा की छवि के बीच जबरदस्त मुकाबला चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जैसे-जैसे भाजपा नेताओं के कांड और भ्रष्टाचार उजागर हो रहे हैं, वैसे-वैसे पार्टी की छवि लगातार गिरती जा रही है।

अपने बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगियों से जुड़े मामलों का खुलासा तो हो रहा है, लेकिन किसी भी स्तर पर नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे नहीं दिए जा रहे हैं। उनके मुताबिक भाजपा में नैतिकता का अभाव पहले से रहा है और अब यह स्थिति चरम पर पहुंच चुकी है। अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार की नीतियों को देश की आर्थिक स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि गलत फैसलों के कारण अर्थव्यवस्था और आम जनता दोनों संकट में हैं। उन्होंने कहा कि रुपये की कीमत लगातार गिर रही है, जबकि महंगाई बढ़ती जा रही है। रसोई गैस सिलेंडर के लिए लोगों को कई जगहों पर कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वैश्विक स्तर पर युद्ध से पैदा हुए ऊर्जा संकट के लिए सरकार ने कोई ठोस तैयारी नहीं की। इसके बजाय सरकार जनता को गुमराह करती रही।

**सपा प्रमुख का आरोप- भ्रष्टाचार और गलत नीतियों से अर्थव्यवस्था संकट में, जनता महंगाई से त्रस्त**

**फास्ट न्यूज**

### दुबई से नेपाल जा रहा विमान लखनऊ डायवर्ट

सरोजनी नगर, लखनऊ। दुबई से काठमांडू जा रही फ्लाई दुबई की एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान को मंगलवार शाम खराब मौसम के कारण लखनऊ एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया गया। विमान काठमांडू में लैंडिंग नहीं कर सका और शाम करीब 7 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतर गया। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, काठमांडू में अचानक मौसम बिगड़ने से दृश्यता (विजिबिलिटी) कम हो गई थी।

### 'ऋषभ पंत की बैटिंग ऑर्डर नहीं बताऊंगा'

लखनऊ। IPL-2026 के पांचवें मुकाबले में बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स की भिड़त दिल्ली कैपिटल्स के साथ इकाना स्टेडियम में होगी। लखनऊ और दिल्ली के बीच इस लीग में कांटे की टक्कर देखने को मिलने की उम्मीद है। मैच से पहले दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स टीमों के कोच ने प्रेस कांफ्रेंस की। LSG के हेड कोच जस्टिन लैंगर ने कहा- गेंदबाज नमन तिवारी और मयंक यादव पूरी तरह फिट हैं। मोहम्मद शमी, आवेश खान, अर्जुन तेंदुलकर समेत अन्य गेंदबाज भी पूरी तरह रेडी हैं। सभी मिक्स विकेट पर खेलने को तैयार हैं।

### गली में बैठे बछड़े पर चढ़ाई कार

लखनऊ । लखनऊ के बीकेटी इलाके में गली में बैठे बछड़े पर युवक ने वरना कार चढ़ा दी। इसकी CCTV फुटेज सामने आई है। युवक ने अपने दरवाजे पर कार बैक की। घुमाते हुए बछड़े को तेजी से रौंदते हुए निकल गया। पहले अगले फिर पिछले पहिये से रौंद जाने पर बछड़ा दो बार पलटते हुए उलटा हो गया। वहीं पर बेहोश हो गया। मोहल्ले के लोगों ने बेहोश पड़े बछड़े को उठाने की कोशिश की लेकिन उसके शरीर में कोई हरकत नहीं थी।

## जल्द ही मिलेगी सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के रूप में मान्यता



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। इंडियन रूरल मेडिकोज सोसायटी के चेयरमैन तथा ऑल इंडिया हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन (कम्यूनिटी पैरामेडिक्स) ज्वाइंट एक्शन कमेटी के वाइस चेयरमैन डॉ० ओ०पी० मिश्रा ने आज यहां जारी एक बयान में तेलगूदेशम पार्टी नेतृत्स की सराहना करते हुए कहा कि लगता है कर्का अब सोसायटी की सबसे पुरानी एकमात्र मांग कि अनुभव के आधार पर चिकित्सा कार्य तथा प्राथमिक उपचार कर रहे लोगों को 'चिकित्सा मिन्त्र' घोषित कर उपचार का अधिकार दिया जाये, के पूरा होने का समय आ गया। जानते चलें कि पिछले दिनों नई दिल्ली में ज्वाइंट एक्शन कमेटी के पदाधिकारियों ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राममोहन नायडू जी के नेतृत्व में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे0पी0 नड्डा से मुलाकात का अनुभव के आधार पर चिकित्सा कार्य कर रहे करीव पचास लाख चिकित्सा मित्रों को हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स (सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता) घोषित किये जाने की मांग की थी। उसी के बाद 30 मार्च को तेलगूदेशम पार्टी के ही सांसद अप्पल नायडु कलिशेट्टी ने लोकसभा में नियम 377 के अंतर्गत इस विषय पर सरकार से जवाब मांगा और कम्यूनिटी प्राइमरी हेल्थ प्रोवाइडर्स को समाज की मुख्यधारा में समायोजित किये जाने की मांग की।

# कुशीनगर से विश्व शांति का संदेश

## महापरिनिर्वाण स्थली पर गूंजा धम्म का संदेश, वैश्विक मंच पर जुटे विद्वान, विशेषज्ञ और संत

**वैश्विक संघर्ष के दौर में भगवान बुद्ध के संदेश से मिलेगा शांति का मार्ग- जयवीर सिंह**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ/कुशीनगर। कुशीनगर के महापरिनिर्वाण स्थल से विश्व शांति का संदेश देने वाला 'अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन 2026' मंगलवार से शुरू हो गया। 31 मार्च से 2 अप्रैल तक चलने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षु, संत, विद्वान, नीति-निर्माता और युवा एक मंच पर जुटे हैं। सम्मेलन में भगवान बुद्ध की करुणा, शांति और शिक्षाप्रद संदेशों की वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में प्रासंगिकता पर गहन मंथन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'वर्तमान समय में जब दुनिया के अनेक हिस्सों में संघर्ष और अनिश्चितता का माहौल है, ऐसे समय में भगवान बुद्ध के जीवन संदेश सकारात्मक मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने बताया कि कुशीनगर में आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन वैश्विक स्तर पर शांति, सहअस्तित्व और आपसी समझ को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल है।'



### 'भिक्षुओं के दृष्टिकोण से बौद्ध धर्म' पर विमर्श

उद्घाटन सत्र के पश्चात सम्मेलन के शैक्षणिक सत्रों का शुभारंभ हुआ। प्रथम सत्र 'भिक्षुओं के दृष्टिकोण से बौद्ध धर्म' विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें बौद्ध दर्शन के व्यावहारिक एवं आध्यात्मिक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके बाद 'बौद्ध-जैन समागम' विषय पर आयोजित सत्र में दोनों धर्मों की समानताओं, ऐतिहासिक संबंधों एवं समकालीन प्रासंगिकता पर चर्चा हुई। सम्मेलन के तीसरे सत्र में उस वक्त माहौल खास हो गया, जब उत्तर प्रदेश सरकार के पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने मुख्य वक्तव्य दिया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रदेश के समृद्ध बौद्ध स्थलों, पर्यटन आकर्षणों, पारंपरिक कला-शिल्प और सांस्कृतिक विरासत की व्यापक तस्वीर प्रस्तुत की।




### अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का शुभारंभ

कुशीनगर के महापरिनिर्वाण मंदिर में 31 मार्च को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का शुभारंभ मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके बाद 'बुद्धा लाइफ गैलरी' का उद्घाटन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इस अवसर पर कुशीनगर के जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने अतिथियों का स्वागत किया। आरआईएस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पंकज वशिष्ठ ने 'बौद्ध दर्शन' की आज के दौर में प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। सम्मेलन में 'बुद्धाज कुशीनगर' विषय पर एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। वहीं, स्थानीय विधायक और सांसद ने भी सम्मेलन की अहमियत को रेखांकित करते हुए अपने विचार साझा किए।

## एसटीएफ को 3 घंटे पहले मिली सूचना, सुल्तानपुर रोड पर चेकिंग लगाकर पकड़ा ट्रक

# 2 क्विंटल गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

- **मौके से ट्रक ड्राइवर अजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया।**
- **गिरोह के सरगना फरार**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में एसटीएफ ने ट्रक से 2 क्विंटल गांजा बरामद किया है। गांजे की कीमत करीब 52 लाख बताई जा रही है। टीम ने तस्कर ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

अपर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि एसटीएफ को पिछले कुछ दिनों से कई राज्यों से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। टीम तस्करों की तलाश में लगी थी।

इस दौरान टीम को सूचना मिली कि ओडिशा से गांजा लदा ट्रक (नंबर JH-05 CX-4295) सुलतानपुर रोड के रास्ते लखनऊ आएगा और एचसीएल के पास सर्विस लेन में सुनसान जगह पर माल उतारा जाएगा। इस पर एसटीएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और ट्रेलर की तलाशी ली। एसटीएफ के मुताबिक वाहन मालिक टीपू और तपन फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस मामले में थाना सुशांत गोल्फ सिटी में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।




तलाशी के दौरान एसटीएफ की टीम ने ट्रक में बने गुप्त कैविटी से 200 किलो गांजा बरामद किया है।



**तलाशी के दौरान ट्रक में बनी गुप्त कैविटी से 200 किलो गांजा बरामद हुआ। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 52 लाख रुपए है। इसके बाद चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। चालक की पहचान नालंदा बिहार निवासी अजीत कुमार के रूप में हुई।**

### गुप्त कैविटी में छिपाकर लाते थे गांजा

पूछताछ में चालक ने बताया कि झारखंड निवासी टीपू और तपन उसके गाड़ी मालिक हैं। उनके कहने पर ओडिशा से गांजा लोड कर अलग-अलग स्थानों पर सप्लाई की जाती थी। ट्रेलर में खास तौर पर गुप्त कैविटी बनाई गई थी। जिसमें करीब 5 कुंतल तक गांजा छिपाया जा सकता है। आरोपी ने बताया कि वह 3-4 बार पहले भी इस तरह की खेप ला चुका है और हर चक्कर के लिए उसे 40 से 50 हजार रुपए मिलते थे।

## लोक निर्माण विभाग ने रचा इतिहास, रिकॉर्ड बजट खर्च

तमसा संकेत, संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग (PWD) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में बजट खर्च के मामले में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विभाग को प्राप्त लगभग 29 से 30 हजार करोड़ रुपये के स्वीकृत बजट में से करीब 27 हजार करोड़ रुपये का व्यय किया जा चुका है, जो अब तक का सर्वाधिक बजट उपयोग माना जा रहा है।

पूर्व वर्षों में अक्सर बजट सरेंडर को लेकर विभाग में अफरा-तफरी का माहौल रहता था। कई बार इंजीनियरों पर बजट समय से खर्च न कर पाने के कारण निलंबन की तलवार भी लटकती रहती थी। लेकिन इस बार स्थिति पूरी तरह बदली नजर आई।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे प्रमुख सचिव अजय चौहान और प्रमुख अभियंता ए.के. द्विवेदी का कुशल नेतृत्व और रणनीतिक प्रबंधन अहम माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि पिछले दो महीनों से प्रमुख अभियंता लगातार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट खर्च की मॉनिटरिंग कर रहे थे, जिससे कार्यों में तेजी आई और धनराशि का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित हुआ।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस बार बजट उपयोग की बेहतर प्लानिंग, नियमित समीक्षा और जवाबदेही तय होने के कारण यह उपलब्धि संभव हो सकी है। इससे न केवल विकास कार्यों को गति मिली है, बल्कि विभाग की कार्यशैली में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है।

**लक्ष्य : 02 अप्रैल से शुरू होगा 90 दिन का खरीद अभियान, डिजिटल व्यवस्था से सीधे खातों में भुगतान**

# रबी फसलों की खरीद को लेकर सरकार की बड़ी तैयारी

तमसा संकेत, संवाददाता



**एमएसपी पर किसानों को मिलेगा लाभ**

लखनऊ। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने लोक भवन स्थित मीडिया सेंटर में रबी सीजन 2026-27 की फसलों की खरीद को लेकर सरकार की व्यापक रणनीति पेश की। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित और लाभकारी मूल्य दिलाना है, जिसके लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

उन्होंने बताया कि मूल्य समर्थन योजना के तहत इस वर्ष चना, मसूर, सरसों और अरहर की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर की जाएगी। चने का एमएसपी 5875 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर का 7000 रुपये, सरसों का 6200 रुपये और अरहर का 8000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। यह खरीद 02 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 30 जून 2026 तक 90 दिनों की अवधि में चलेगी। कृषि मंत्री के अनुसार, सरकार ने इन फसलों के लिए स्पष्ट क्रय लक्ष्य भी तय किए हैं, ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके। चना के लिए 2.24 लाख मीट्रिक टन, मसूर के लिए 6.77 लाख मीट्रिक टन, सरसों के लिए 5.30 लाख मीट्रिक टन और अरहर के लिए 1.14 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है। खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए केंद्र और राज्य स्तर की एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। केंद्रीय एजेंसियों में नैफेड और एनसीसीएफ शामिल हैं, जबकि राज्य स्तर पर यूपीपीसीयू, यूपीपीसीएफ, जैफेड और यूपीएसएस को जिम्मेदारी दी गई है।

> **इस मौके पर मंत्री ने प्रदेश में भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सीड पार्क की स्थापना की जानकारी भी दी। अटारी स्थित इस परियोजना के तहत 130.63 एकड़ भूमि पर आधुनिक सीड पार्क विकसित किया जाएगा, जिसमें उद्यमियों को प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। इसके लिए 50.84 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की जा चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है।**

### प्रत्येक क्रय केंद्र पर आधार-सक्षम पीओएस मशीनें लगाई गई

पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक क्रय केंद्र पर आधार-सक्षम पीओएस मशीनें लगाई गई हैं। इसके माध्यम से किसानों की पहचान सुनिश्चित की जाएगी और भुगतान सीधे डीबीटी के जरिए उनके आधार से जुड़े बैंक खातों में किया जाएगा। इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और किसानों को समय पर भुगतान मिल सकेगा।

पिछले रबी विपणन वर्ष 2025-26 की समीक्षा करते हुए मंत्री ने बताया कि उस दौरान लक्ष्य के मुकाबले सीमित खरीद हो पाई थी, जिससे 20 हजार से अधिक किसानों को लाभ मिला। इस अनुभव को ध्यान में रखते हुए इस बार व्यवस्थाओं को और मजबूत किया गया है।

# कान पकड़कर उठक-बैठक करने वाले आईएएस रिंकू सिंह का इस्तीफा

## रिंकू सिंह 8 महीने से साइडलाइन थे, कहा- सैलरी मिली, लेकिन काम नहीं

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । यूपी के IAS अफसर रिंकू सिंह राही ने मंगलवार को नौकरी से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने लेटर में आरोप लगाया कि संवैधानिक व्यवस्था के समानांतर (पैरलल) एक अलग सिस्टम चल रहा है। उन्हें वेतन मिल रहा था, लेकिन जनसेवा का मौका नहीं मिल रहा था।

हालांकि, राजस्व परिषद के अध्यक्ष को भेजे इस्तीफे को रिंकू सिंह ने अपना नैतिक फैसला बताया। रिंकू को 8 महीने पहले शाहजहांपुर से हटाकर राजस्व परिषद भेजा गया था। तब से उन्हें फील्ड में कोई पोस्टिंग नहीं मिली थी। उस वक्त रिंकू सिंह पुवायां तहसील के SDM थे। उन्होंने खुले में शौच करने पर एक मुंशी से उठक-बैठक कराई थी। वकीलों ने इसका विरोध किया, तो रिंकू नरम पड़ गए थे। इसके बाद उन्होंने खुद उठक-बैठक लगाई थी। वीडियो सामने आने के बाद उन्हें हटा दिया गया था।

44 साल के रिंकू सिंह राही 2021 बैच के IAS अफसर हैं। अभी उनकी 16 साल की नौकरी बची थी। बसपा शासन में 26 मार्च, 2009 को रिंकू सिंह पर फायरिंग हुई थी। जिसमें उन्हें सात गोलियां लगी थीं। इनमें से दो उनके चेहरे पर लगी थीं, जिससे उनका चेहरा बिगड़ गया था।



रिंकू सिंह राही, IAS-2021 बैच

### हाथरस के रहने वाले, पहले पीसीएस फिर आईएएस बने

रिंकू सिंह राही का जन्म 20 मई, 1982 को हाथरस में एक दलित परिवार में हुआ था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से उन्होंने सरकारी स्कूल से पढ़ाई की थी। अच्छे नंबरों से 12वीं पास करने पर उन्हें स्कॉलरशिप मिली थी। इसकी मदद से उन्होंने जमशेदपुर के टाटा इंस्टीट्यूट से बीटेक किया था। 2004 में रिंकू सिंह ने पीसीएस परीक्षा पास की थी। नौकरी के दौरान उन्होंने दिव्यांग कोटे से यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा दी।


## 378.86 लाख रुपये की लागत से कटान और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में होंगे सुरक्षा कार्य

# घाघरा/सरयू से बचाव के लिए 20.19 करोड़ की 5 परियोजनाओं को मंजूरी

**परियोजना**

**बृजेंद्र वीर सिंह**

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर जिले में घाघरा/सरयू नदी से होने वाली बाढ़ और कटान की समस्या को कम करने के लिए 20.19 करोड़ रुपये की पांच परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति मिली है। इन परियोजनाओं का क्रियान्वयन बाढ़ कार्य खंड अयोध्या की ओर से किया जाएगा। स्वीकृत योजनाओं के तहत नदी के दाहिने तट पर जियोबैग स्लोप पिचिंग और परक्यूपाईन स्क्रीन लगाए जाएंगे। इन तकनीकों का



उपयोग कटान रोकने और बाढ़ के दौरान गांवों को सुरक्षित रखने के लिए किया जाएगा। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद टांडा और आलापुर क्षेत्र के कई गांवों को हर साल आने वाली बाढ़ और

### इन क्षेत्रों प्रस्ताव पर मिली स्वीकृतिमें होंगे प्रमुख कार्य

यह मंजूरी एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय के प्रस्ताव पर दी गई है। उन्होंने बताया कि घाघरा/सरयू नदी से प्रभावित क्षेत्रों की समस्या को देखते हुए प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे अब स्वीकृति मिल गई है।

उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के लागू होने से हजारों लोगों को बाढ़ और कटान से सुरक्षा मिलेगी और जनजीवन पर पड़ने वाला प्रभाव कम होगा।

कटान की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। इससे ग्रामीणों की सुरक्षा के साथ-साथ कृषि भूमि को भी नुकसान से बचाया जा सकेगा।

जियोबैग स्लोप पिचिंग और परक्यूपाईन स्क्रीन जैसी तकनीकों से नदी किनारे की मिट्टी को मजबूत किया जाएगा। इससे कटान की गति कम होगी और बाढ़ के समय पानी का दबाव भी नियंत्रित किया जा सकेगा।

परियोजनाओं के क्रियान्वयन से प्रभावित गांवों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। इससे लोगों को हर साल होने वाले नुकसान से राहत मिलेगी और क्षेत्र में स्थिरता आएगी।

### इन क्षेत्रों में होंगे प्रमुख कार्य

परियोजनाओं के तहत टांडा क्षेत्र के आसोपुर छज्जापुर (राजघाट) में 378.86 लाख रुपये की लागत से कार्य होगा। नौराहने रामपुर और खिदाई गनेशपुर ग्राम समूह के लिए 432.79 लाख रुपये की योजना स्वीकृत की गई है। इसके अलावा आलापुर तहसील के गोवर्धनपुर (राधाकृष्ण मंदिर) और सराय नेलकंठ क्षेत्र में 398.59 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। बंगालपुर और बसंतपुर गांवों के लिए 357.89 लाख रुपये की परियोजना को मंजूरी मिली है। माझा कम्हरिया और आराजीदेवारा क्षेत्र में 450.58 लाख रुपये की लागत से परक्यूपाईन स्क्रीन लगाने का कार्य किया जाएगा।

# खुलासा : ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राम बलिराम निलंबित

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। रामनगर विकासखंड के बडेपुर सारा, हिसामुद्दीनपुर पिपरा समेत कई ग्राम पंचायतों में अनियमितताओं के सामने आने के बाद ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राम बलिराम नपे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि जांच में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं और प्रशासनिक लापरवाही सामने आई। पाया गया कि राम बलिराम ने अपने दायित्वों का सही तरीके से पालन नहीं किया। पंचायत सहायकों और रोजगार सेवकों के मानदेय का भुगतान नहीं हुआ, हैंडपंपों की मरम्मत की सूची उपलब्ध नहीं कराई गई और अन्य वित्तीय अनियमितताएं भी सामने आईं। जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने राम बलिराम को



निलंबित किया। साथ ही जलालपुर के सहायक विकास अधिकारी पंचायत को विस्तृत जांच के लिए नियुक्त किया गया। निलंबन के दौरान राम बलिराम टांडा विकासखंड कार्यालय से जुड़े रहेंगे और बिना पूर्व सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित नहीं रह सकते। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कई योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल रहा था और पंचायत स्तर पर भुगतान संबंधी समस्याएं आम थीं। निलंबन की कार्रवाई इन लंबे समय से चली आ रही शिकायतों के बाद हुई। जिला पंचायत राज अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जांच पूरी होने तक सभी पंचायतों में वित्तीय और प्रशासनिक गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जाएगी। खंड विकास अधिकारी रामनगर के विरुद्ध पर्यवेक्षण में शिथिलता के आरोपों की भी समीक्षा की जाएगी।

**राम बलिराम नपे पहले भी टांडा विकासखंड में तैनाती के दौरान निलंबित हो चुके हैं। हालांकि उस दौरान उनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं देखा गया। जिला पंचायत राज अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पंचायती राज व्यवस्था में अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।**

**फास्ट न्यूज**

### जनसूचना नहीं देने पर अधिशाषी अभियंता को यूपी सूचना आयोग में तलब

अंबेडकरनगर। ग्राम प्रताबीपुर निवासी सुधाकर तिवारी ने जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत विद्युत उपकेंद्र कटेहरी के अधिशाषी अभियंता से निजी नलकूप कनेक्शन धारक का नाम और कनेक्शन नंबर मांगा था। समय सीमा बीत जाने के बावजूद, अनुस्मारक पत्र और प्रथम अपील के बाद भी जनसूचना नहीं मिली। इसके बाद सुधाकर तिवारी ने दूसरी अपील दर्ज कराई।

### तहरीम खान ने ईरान के बच्चों के इलाज के दिया अपना जेवर

अंबेडकरनगर। तहरीम खान ने कोरोना कल के दौरान जरूरतमंद लोगों के भोजन के लिए अपना गुल्लक देकर मदद किया था आज फिर अमेरिका और इजरायल के द्वारा ईरान पर लगातार हमले से वहां पर घायल बच्चों और नौजवानों की मदद के लिए अपना जेवर देकर तहरीम खान ने एक बार फिर मानवता और इंसानियत की मिसाल पेश किया है तहरीम खान हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए बचपन से ही समर्पित है उसके इस जज्बे को देखकर और तमाम बच्चों में मदद करने की सोच पैदा होगी ।

### पुलिस लाइन में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी और उर्दू अनुवादक को भावभीनी विदाई

अंबेडकरनगर। पुलिस लाइन स्थित सभागार में मंगलवार को सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी मु0 शुजाउद्दीन खाँ और उर्दू अनुवादक युसूफद्दीन खाँ को पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर द्वारा सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई।

## जमीनी विवाद में दो सगे भाइयों के परिवारों में हिंसक झड़प

### महिलाएं भी लाठी-डंडों से शामिल

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। अकबरपुर थाना क्षेत्र के सदरपुर में दो सगे भाइयों के परिवारों के बीच जमीन विवाद को लेकर हिंसक झड़प हुई। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार, सदरपुर निवासी सभाराज और रामभवन के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। सभाराज अपनी हिस्सेदारी की जमीन पर घर का निर्माण करवा रहे थे। घर के लिंटर डालने के दौरान रामभवन के परिजनों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया।

विरोध शुरू होने के बाद पहले कहासुनी हुई, जो जल्दी ही मारपीट में बदल गई। झड़प में दोनों परिवारों की महिलाएं भी शामिल हो गईं और



एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला किया। इस हिंसक झड़प में कई लोग घायल हुए हैं।

घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के लोगों को थाने ले गई। थानाध्यक्ष श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई है।

उन्होंने कहा कि झड़प के वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के कारण मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। पुलिस जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गोवंशों के स्वास्थ्य के लिए नेपियर घास योजना शुरू

## गौशालाओं में हरा चारा उपलब्ध कराने की पहल

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। जनपद की गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने नेपियर घास योजना शुरू की है। इसके तहत गौशालाओं से जुड़ी चारागाहों और आसपास उपलब्ध भूमि पर नेपियर घास की बुवाई कराई जाएगी।

नेपियर घास बहुवर्षीय हरा चारा है। इसे एक बार लगाने के बाद 5 से 7 वर्षों तक हर मौसम में काटकर गोवंशों को खिलाया जा सकता है। घास में आवश्यक पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो पशुओं के स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन के लिए लाभकारी हैं।



शासन स्तर से जनपद में कुल 10 हेक्टेयर भूमि पर नेपियर घास की बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 22,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से कुल 2 लाख 20 हजार रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा यह धनराशि 23 गौशालाओं को उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है।

नेपियर घास की बुवाई संबंधित पंचायत सचिवों और ग्राम प्रधानों के माध्यम से कराई जाएगी। जनपद में कुल 39 गौशालाओं में लगभग 5,200 गोवंश संरक्षित हैं। इनके भरण-पोषण के लिए पहले से भूसा, पशु आहार और चोकर की व्यवस्था की जाती रही है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए. के. सिंह ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक मात्रा में नेपियर घास की खेती करें। इससे गोवंशों की सेहत में सुधार के साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा। साथ ही खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे गौशालाओं से जुड़े पंचायत सचिवों और ग्राम प्रधानों को चारा बुवाई के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दें।

## अधिवक्ता ने पुलिस को तीन दिन का अल्टीमेटम, सिपाही लाइनहाजिर

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। भीटी के समंथा बाजार के अधिवक्ता प्रभात कुमार तिवारी पर 10 दिन पहले स्कार्पियों सवार हमलावरों ने हमला किया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हुए। हमले के मामले में पुलिस ने 11 नामजद और छह अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, लेकिन केवल पांच आरोपितों को ही गिरफ्तार किया जा सका है।

इस पर नाराज अधिवक्ता ने पुलिस को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वे आंदोलन की रणनीति अपनाएंगे। बार अध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव ने भी पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो एक अप्रैल को अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक से मिलेगा। इस मामले में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने सिपाही नितिन सिंह




**प्रभात कुमार तिवारी पर हमला, गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी**

को लाइनहाजिर कर दिया है। यह कार्रवाई आरोपितों की गिरफ्तारी और जांच की धीमी प्रगति के मद्देनजर की गई है। क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत मिश्र ने बताया कि आरोपितों की तलाश और गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि टीम लगातार संदिग्धों की पहचान और पकड़ के प्रयास में लगी हुई है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि सभी आरोपितों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## व्यवस्थाओं की जांच, डीएम और एसपी के साथ पहुंची टीम, बंदियों से जानी स्थिति

# जिला जज ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर । जिला कारागार का मंगलवार दोपहर जिला जज चंद्रोदय कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम अनुपम शुक्ला और एसपी अभिजीत आर. शंकर समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल में निरुद्ध बंदियों और कैदियों से बातचीत की। उनके हालचाल जाने और समस्याओं को सुना गया। बंदियों द्वारा उठाए गए मुद्दों के समाधान का आश्वासन भी दिया गया। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में पहुंचकर अधिकारियों ने महिला बंदियों से बातचीत की। उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। महिला बंदियों ने





> जेल अधीक्षक शिवमूर्ति सिंह के अवकाश पर होने के कारण निरीक्षण के दौरान बस्ती से आए प्रभारी जेल अधीक्षक राजीव कुमार मिश्र मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों को जेल की व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

अपनी दैनिक जरूरतों और सुविधाओं से जुड़े मुद्दे रखे। अधिकारियों ने इन समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

निरीक्षण के अंत में जिला जज ने जेल अधिकारियों को नियमित निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीमार बंदियों को समय पर इलाज उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही साफ-सफाई और भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जेल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखना प्राथमिकता है। निरीक्षण का उद्देश्य बंदियों को आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करना और व्यवस्थाओं में सुधार करना है।

### भोजन, अस्पताल और साफ-सफाई की जांच

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम ने भोजनालय, रसोई घर, जेल अस्पताल, पाठशाला और महिला बैरक का निरीक्षण किया।

इसके साथ ही शौचालयों की साफ-सफाई और बंदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को भी परखा गया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

# 5 ग्राम पंचायतों को मिला प्रोत्साहन पुरस्कार विकास कार्यों को नई रफ्तार

### बेहतर प्रदर्शन पर लाखों की पुरस्कार राशि जारी

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। जिले की पांच ग्राम पंचायतों को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत सम्मानित किया गया है। उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर चयनित इन पंचायतों को विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए लाखों रुपये की पुरस्कार राशि उनके ओएसआर खातों में भेज दी गई है।

जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र पाण्डेय के अनुसार, अकबरपुर ब्लॉक की सहनेमऊ ग्राम पंचायत को सबसे अधिक 35 लाख रुपये का पुरस्कार मिला है। इसके अलावा जलालपुर ब्लॉक की रुकूनपुर कासिमपुर पंचायत को 30 लाख रुपये, टांडा ब्लॉक के जगन्नाथपुर पंचायत को 20 लाख रुपये, कटेहरी ब्लॉक के मंशापुर पंचायत को 15 लाख रुपये और जलालपुर ब्लॉक के बडेपुर पंचायत को 10 लाख रुपये की धनराशि दी



गई है। सहनेमऊ ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि बब्लू खान ने बताया कि पुरस्कार में मिली राशि का उपयोग गांव के विकास कार्यों में किया जाएगा। इससे पंचायत क्षेत्र में अतिरिक्त विकास कार्य कराए जाएंगे और सुविधाओं में सुधार होगा।

पंचायतों का चयन कई महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर किया गया है। इसमें बेहतर राजस्व संग्रह, विकास कार्यों में पारदर्शिता और जनहित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन शामिल है। इसके साथ ही पंचायतों द्वारा अपने संसाधनों से आय बढ़ाने और समग्र विकास में योगदान को भी अहम आधार माना गया। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि चयनित पंचायतों ने अपने काम से एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। इन पंचायतों का प्रदर्शन अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणा का काम करेगा। प्रोत्साहन योजना के तहत दी गई यह राशि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने में सहायक होगी। इससे स्थानीय स्तर पर आधारभूत सुविधाओं में सुधार के साथ-साथ योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## सद्दरपुर रक्त केंद्र में एफेरेसिस से मरीज को मिली जीवनरक्षक प्लेटलेट सहायता

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। रक्त केंद्र महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर में एफेरेसिस प्रक्रिया के माध्यम से मरीज गुलिस्ता को प्लेटलेट उपलब्ध कराकर जीवनरक्षक सुविधा प्रदान की गई। यह प्रक्रिया पूर्वांचल मेडिसिटी हॉस्पिटल में डॉ प्रवीण प्रसाद की देखरेख में हुई।

मरीज गुलिस्ता का प्लेटलेट कम होने के कारण उनका ऑपरेशन और डिलीवरी जोखिम भरा था। रेंडम डोनर प्लेटलेट उपलब्ध कराए जाने के बावजूद प्लेटलेट स्तर में पर्याप्त वृद्धि नहीं हो रही थी।

मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए रक्त केंद्र के प्रभारी डॉ मनोज कुमार गुप्ता ने एफेरेसिस से प्लेटलेट लेने की सलाह दी। एफेरेसिस के माध्यम से सिंगल डोनर प्लेटलेट (SDP) प्राप्त किया गया और गुलिस्ता को चढ़ाया गया। इसके बाद मरीज का



प्लेटलेट काउंट सामान्य स्तर पर पहुँच गया और अब उनका ऑपरेशन सुरक्षित रूप से कराया जा सकेगा।

एफेरेसिस प्रक्रिया के दौरान डॉ मनोज कुमार गुप्ता की देखरेख में डॉक्टर महेश यादव, लैब टेक्नीशियन संतोष, राकेश, नवीन, राजकुमार, दुर्गा शंकर और सूरज मौजूद रहे।

डॉ मनोज ने सभी नागरिकों और चिकित्सकों से अपील की है कि एफेरेसिस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें। यह तकनीक विशेष रूप से उन मरीजों के लिए महत्वपूर्ण है, जिनमें प्लेटलेट स्तर गंभीर रूप से कम हो और सामान्य रेंडम डोनर प्लेटलेट पर्याप्त न हो।

**बैठक : पत्रकारों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा भवन**

# प्रेस क्लब भवन के जीर्णोद्धार को 1.38 करोड़ की मंजूरी

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अकबरपुर । बसखारी मार्ग स्थित प्रेस क्लब भवन के जीर्णोद्धार और विस्तार के लिए शासन ने 1.38 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इस निर्णय के बाद प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकारों में उत्साह देखा जा रहा है। योजना का उद्देश्य भवन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करना और पत्रकारों को बेहतर व सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है।

मंगलवार को प्रेस क्लब अंबेडकरनगर में आयोजित बैठक में इस स्वीकृति की जानकारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी ने की।



बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस स्वीकृति से जिले के पत्रकारों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। अध्यक्ष ने कहा कि इस कार्य के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे, जिसके परिणामस्वरूप अब शासन से मंजूरी मिल गई है। बैठक में प्रेस क्लब के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। इनमें महासचिव अहमद मेहंदी, उपाध्यक्ष कमर हसनैन, उपाध्यक्ष पंकज शुक्ला, उपाध्यक्ष संजय यादव, सचिव बृजेंद्र वीर सिंह, नितेंद्र श्रीवास्तव, सोनू सिंह, कार्यकारी सदस्य सुधीर श्रीवास्तव और संगठन मंत्री रमाकांत पांडे शामिल रहे।

### बैठक में दी गई विस्तृत जानकारी

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रेस क्लब के लिए 1.38 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह राशि भवन के जीर्णोद्धार, विस्तार और आवश्यक सुविधाओं के विकास पर खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रेस क्लब भवन के सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब स्वीकृति मिलने के बाद यह कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

### खुशी का माहौल, पदाधिकारियों ने जताई प्रसन्नता

बैठक के दौरान स्वीकृति की जानकारी मिलते ही पदाधिकारियों और सदस्यों में खुशी का माहौल बन गया। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की। पदाधिकारियों ने कहा कि यह निर्णय प्रेस क्लब के लिए महत्वपूर्ण है। इससे पत्रकारों को काम करने के लिए बेहतर संसाधन मिलेंगे। बैठक में उपस्थित लोगों ने इस पहल को सकारात्मक कदम बताया।

## भाजपा स्थापना दिवस की तैयारी बैठक सम्पन्न

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। भाजपा के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को लेकर मंगलवार को जिला कार्यालय अटल भवन में तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी एम एल सी पदम सेन चौधरी मौजूद रहे। पदम सेन चौधरी ने कहा कि भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। तब से अब तक भाजपा ने राजनीतिक उतार-चढ़ाव देखे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसकी सफलता लाखों कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने घरों और जिला कार्यालय में भाजपा का ध्वज फहराएंगे। जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि भाजपा की



**जिला कार्यालय अटल भवन में कार्यकर्ताओं ने तय किए कार्यक्रम**

संगठनात्मक मजबूती और चुनावी सफलता में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने भारतीय राजनीति में सेवा भाव, अंत्योदय, विकासोन्मुख राजनीति और राष्ट्र प्रथम की भावना को प्रमुखता दी है। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राणा रणधीर सिंह, मनोज मिश्र, डॉ रजनीश सिंह, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, सुरेश कन्नौजिया, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## जनगणना का शुभारंभ



अंततः 2021 में होने वाली जनगणना अब शुरू होने जा रही है। गोपनीयता के नए नियमों के साथ यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी। इसके साथ ही एक विशेषता यह भी है कि पहली बार इसे दो चरणों में पूरा किया जाएगा। डिजिटल जनगणना का विशेष महत्व इसलिए और है, क्योंकि यह संसाधनों के साथ समय की भी बचत करेगी। डिजिटल जनगणना पारंपरिक कागज-पत्रों के स्थान पर मोबाइल एप, वेब पोर्टल और वास्तविक समय की निगरानी का उपयोग करके की जाएगी। इससे एक तो जनगणना का विवरण तेजी के साथ एकत्रित होगा और दूसरे त्रुटियों को भी कम करने में सहायता मिलेगी। डिजिटल जनगणना होने के कारण ब्योरा सीधे सर्वर पर पहुंचेगा, जिससे प्रक्रिया कहीं अधिक तेज एवं सटीक होगी।

इस जनगणना की एक खासियत यह भी होगी कि लोग अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। लोगों को यह काम नीर-क्षीर ढंग से करना होगा, क्योंकि जनगणना आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान जुटाए गए विवरण को पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। स्वतंत्रता के बाद होने जा रही आठवीं जनगणना की महत्ता केवल इसलिए नहीं है कि यह डिजिटल रूप में होगी, बल्कि इसलिए भी है कि स्वतंत्र भारत में पहली बार जातियों का विवरण भी एकत्र किया जाएगा। स्पष्ट है कि इस जनगणना के माध्यम से देश की सामाजिक-आर्थिक एवं जातीय स्थिति की अपेक्षाकृत अधिक परिपूर्ण तस्वीर सामने आएगी, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि जातीय जनगणना एक ओर जहां विभिन्न जातियों के संख्याबल को सामने रखेगी, वहीं दूसरी ओर कई धारणाओं को ध्वस्त करने का भी काम करेगी, क्योंकि अलग-अलग जातीय समूहों ने अपने संख्याबल अथवा अपनी आर्थिक-सामाजिक स्थिति को लेकर अलग-अलग दावे कर रखे हैं। इन दावों पर पूरी तरह इसलिए भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि देश में 1931 के बाद जातिगत जनगणना हुई ही नहीं। यह मानना सही नहीं होगा कि जातियों की जो संख्या और स्थिति करीब सौ वर्ष पहले थी, वह आज भी है। एक दृष्टि से यह अच्छा ही है कि जनगणना के साथ ही जातियों का ब्योरा भी सामने आ जाएगा, लेकिन इसकी आशंका भी है कि इस ब्योरे के आधार पर कहीं जातिवाद की राजनीति बेलगाम न हो जाए। यदि ऐसा हुआ तो यह अच्छा नहीं होगा।

इसलिए नहीं होगा, क्योंकि जातिवादी राजनीति विभाजन और वैमनस्य को जन्म देती है। उचित यह होगा कि सरकार ऐसे उपाय करे जिससे जातिगत जनगणना का इस्तेमाल जातिवाद और साथ ही वोट बैंक बनाने वाली आरक्षण की स्वार्थी राजनीति के तौर पर न किया जा सके। यह समझने की जरूरत है कि जनगणना का उद्देश्य किसी के भी संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए नहीं, बल्कि शासन की नीतियों को प्रभावशाली तरीके से बनाने और उन्हें लागू करने के लिए होता है।

# विकसित भारत के लिए व्यक्ति निर्माण आवश्यक



> विगत दिनों के एक समाचार से यह भी सामने आया कि नगर निगम, विधानसभा और लोकसभा में चुनकर पहुंचे उम्मीदवारों में से अनेक पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

विकसित भारत एक संकल्प और विचार है जिसमें एक नागरिक के नाते हम सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। विकास की संकल्पना का मूल व्यक्ति ही है। एक इकाई के रूप में यह व्यक्ति भिन्न-भिन्न भूमिकाओं में विकास की विभिन्न संकल्पनाओं को साकार करता है। आज जब राष्ट्रीय और वैश्विक फलक पर विभिन्न अवसर एवं चुनौतियां सामने हैं तब यह आवश्यक है कि विकसित भारत के लिए एक ऐसे व्यक्ति का निर्माण हो जो भारत भाव से समन्वित हो। ध्यान रहे मन, कर्म, वचन से मातृभूमि को समर्पित व्यक्ति ही विकसित भारत के संकल्प में निर्णायक भूमिका अदा करेगा। महर्षि अरविंद ने कहा था- हमें उतना सामर्थ्यवान बनना होगा, जितना हम पहले कभी नहीं थे। हमें कुछ आदतें बदलनी होंगी, एक नए हृदय के साथ अपने को फिर से जाग्रत करना होगा। ध्यान रहे हमारा सामर्थ्य निर्माण और नवजागरण राष्ट्रहित में हो। क्योंकि निहित स्वार्थों की अवधि व दृष्टि बहुत संकुचित होती है, उससे राष्ट्रीय सरोकार सिद्ध नहीं होंगे। वेदों में भूमि को माता और समूची वसुधा को कुटुंब कहा गया है। इसलिए वहां एक ओर मनुर्भव के माध्यम से नियम पालन युक्त मनुष्य बनने का संदेश है तो वहीं दूसरी ओर पुरोहित के माध्यम से ऐसे व्यक्ति अथवा नागरिक का आवाह्न मिलता है जो राष्ट्र को सदैव जीवंत और जागृत बनाए रखेंगे। क्या आज व्यक्ति निर्माण के लिए हमें वेदों की ओर लौटने की भी आवश्यकता नहीं है?

आज जहां एक ओर कुछ लोग ज्ञान, विज्ञान, तकनीक आदि के माध्यम से राष्ट्रीय और वैश्विक फलक पर भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं। तो वहीं कुछ लोग काम, क्रोध, मद, लोभ, अहंकार, स्वार्थ, आपसी वैमनस्य एवं आपराधिक प्रवृत्तियों में भी लिप्त हो रहे हैं। क्या इस प्रकार के व्यक्ति मानवता के कल्याण हेतु काम कर सकते हैं? अधिकांश नागरिक अधिकारों को लेकर तो समग्र रूप से सचेत हैं लेकिन नागरिक कर्तव्यों के पालन में पीछे रहते हैं। मारपीट, हत्या, चोरी, दुष्कर्म, जाति-संप्रदायगत आपसी वैमनस्य आदि शत्रुता को बढ़ावा देने वाले अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के विगत दिनों प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 में देशभर में घृणा भाषण के अपराधों समेत विभिन्न समूह के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने के लगभग 1500 मामले दर्ज किए गए। जो वर्ष 2021 के मुकाबले 31 प्रतिशत अधिक थे। बच्चों और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

विगत लोकसभा चुनाव लड़ रहे 8,360 उम्मीदवारों में से 1,643 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं। क्या इस प्रकार के आपराधिक छवि वाले व्यक्ति समाज और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं? राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति निर्माण हेतु समर्पित विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। विगत दिनों संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम में कहा कि देश की सुरक्षा और विकास में सेना व सरकार के साथ समाज की भी बड़ी भूमिका होती है। समाज को देखना चाहिए कि जहां, जिस स्थिति में हैं, वहां देशहित के लिए क्या कर सकते हैं। दैनिक जीवन में राष्ट्रभक्ति का भाव ही हमें और हमारे देश को आगे ले जाएगा। वे व्यक्ति एवं समाज निर्माण हेतु अपने विभिन्न उद्बोधनों में लगातार स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों के पालन से संबंधित पंच परिवर्तनों का संदेश भी दे रहे हैं।

भारतीय संस्कृति में दया, करुणा, ममता, अर्पण,तर्पण व समर्पण का भाव विद्यमान है। यहां अनेक महापुरुषों व बलिदानियों की विराट परंपरा और उनका चिंतन व्यक्ति की बुद्धि और बल का विकास करता रहा है। अनेक उतार-चढ़ावों के क्रम से गुजरते हुए भारतवर्ष शाश्वत रूप में हमारे सामने है। भारतवर्ष के उत्कृष्ट साहित्य एवं इतिहास को जानने का प्रयास करें। यही वह स्रोत है जो जन जन में भारत के प्रति नई ऊर्जा का संचार कर सकता है। भारतवर्ष के महापुरुषों,अमर बलिदानियों और श्रेष्ठ परंपराओं को समझें,क्योंकि ये श्रेष्ठ परंपराएं ही उसमें गौरव का भाव जगाएगी। व्यक्ति और समाज में भारत भाव के संकल्प के लिए यह आवश्यक है कि व्यक्ति यह समझे की उसके जीवन में राष्ट्र का भी हिस्सा है। आज प्राथमिक पाठशाला में यह पाठ लगातार पढ़ाने की आवश्यकता है कि भारत मेरा है और मैं भारत का हूं। क्योंकि इस भाव अथवा संकल्प के बिना राष्ट्र उत्थान संभव नहीं है। मेरा क्या ? और मुझे क्या ? की सोच से बाहर निकलना होगा। केवल दोष दर्शन और आरोप-प्रत्यारोप से नव निर्माण नहीं होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी स्पष्ट करती है कि नीति का विजन छात्रों में भारतीय होने का गर्व न केवल विचार में बल्कि व्यवहार, बुद्धि और कार्यों में भी और साथ ही ज्ञान, कौशल, मूल्यों और सोच में भी होना चाहिए, जो मानवाधिकारों, स्थाई विकास और जीवन-यापन तथा वैश्विक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हो, ताकि वे सही मायने में वैश्विक नागरिक बन सकें।

विकसित भारत कोई राजनीतिक नारा नहीं है अपितु यह स्वदेशी, स्वविचार, स्वभाषा, स्व संस्कृति आदि पर केंद्रित एक विचार और संकल्प है जिसकी सिद्धि के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जाति, संप्रदाय, क्षेत्रीयता एवं राजनीतिक मत- वादों की संकीर्णता से बचते हुए और आमूलचूल परिवर्तनों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ना होगा। संविधान की उद्देशिका हम भारत के लोग का आवाह्न करती है। विकसित भारत के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सही मायनों में हम भारत के लोग इस भाव को आत्मसात करना होगा। तभी विकसित भारत का विचार और संकल्प पूर्णता को प्राप्त होगा।

**डा.वेदप्रकाश**

## बढ़ता जा रहा है किडनी खरीद फरोक्त का धंदा

कानपुर में किडनी रैकेट मामले हाल ही में अख़बारों की सुर्खिया बनी है । हालिया कांड में जिन तीन प्राइवेट अस्पतालों का नाम सामने आ रहा है, उनमें से एक के पास रजिस्ट्रेशन भी नहीं है। पूरा अस्पताल ही अवैध तरीके से संचालित हो रहा है। इसकी जानकारी खुद स्वास्थ्य विभाग को तब हुई जब मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम पुलिस की टीम के साथ निरीक्षण करने पहुंची। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मामले में 50 से ज्यादा अस्पताल रडार पर हैं जिनकी जांच की जा रही है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम संयुक्त रूप से देर रात तक जांच में जुटी रही। बताया जाता है कि सोमवार को पुलिस की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग से एसीएमओ डॉ। रमित रस्तोगी और कल्याणपुर सीएचसी प्रभारी डॉ। राजेश सिंह व टीम के अन्य अधिकारियों ने तीनों अस्पतालों का निरीक्षण किया। अधिकारियों के अनुसार, इस मामले कई वरिष्ठ डॉक्टरों से भी पूछताछ की जा रही है, कुछ चिकित्सक कई बड़ी संस्थाओं से भी जुड़े हैं। एसीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और पुलिस ऐसे डॉक्टरों की भी तलाश कर रही हैं जो सर्जन या नेफ्रोलॉजिस्ट हैं। सूत्रों के अनुसार मामले में जिन अस्पतालों के नाम सामने आ रहे हैं, उनके यहां छोटे ऑपरेशन की भी सुविधा नहीं है। इन अस्पतालों में किडनी ट्रांसप्लांट के लिए बाहर से डॉक्टर बुलाए जाते हैं। चिकित्साधिकारियों के अनुसार ऐसे डॉक्टरों से भी पूछताछ की जाएगी। कानपुर के बड़े किडनी रैकेट का भंडाफोड़ होने के बाद एक बार फिर किडनी की खरीद-फरोख्त और अंग प्रत्यारोपण की व्यवस्था पर सवाल उठाए जाने लगे हैं। डाक्टर कहते हैं कि देश में किडनी के मरीजों की संख्या अधिक और अंगदान कम होने के कारण किडनी खरीद-फरोख्त का रैकेट चल रहा है।

**अशोक भाटिया**

इस विवाद की जड़ें पंचांग...

ओंकारेश्वर पांडेय

## कर्नाटक और भोपाल में अवकाश विवाद और नीतिगत शून्यता

सत्ता के गलियारों में जब निर्णय केवल 'प्रशासनिक सुविधा' या 'तात्कालिक दबाव' के तराजू पर तौले जाने लगें, तो वे अक्सर परंपराओं और व्यवस्था के बीच एक नया विवाद खड़ा कर देते हैं। क्या निर्धारित अवकाश की तिथि को अंतिम समय पर संशोधित करना एक कुशल प्रशासन की निशानी है? क्या प्रशासनिक आदेश किसी महापुरुष की जन्म-जयंती की गरिमा और उसकी 'तिथि' के सांस्कृतिक महत्व को उन समाजों से परामर्श कर पहले ही नहीं तय कर सकते हैं? ये प्रश्न कर्नाटक और भोपाल के हालिया आदेशों से उपजे हैं, जो पंचांग की जटिलताओं और सरकार की नीतिगत स्पष्टता की कमी को उजागर करते हैं।

29 मार्च 2026 की रात को जिला कलेक्टर कार्यालय, भोपाल से एक 'संशोधन' आदेश जारी हुआ। वर्ष 2026 के लिए महावीर जयंती का सार्वजनिक अवकाश पहले 31 मार्च (मंगलवार) को घोषित था जिसे बदलकर 30 मार्च (सोमवार) कर दिया गया।

ऐसा ही निर्णय कर्नाटक सरकार ने स्थानीय मांग को कारण बताकर किया।

इन सरकारों के लिए यह महज एक 'तारीख का सुधार' था लेकिन इसने देश में भ्रम और बहस की स्थिति पैदा कर दी।



प्रशासन का तर्क था कि यह बदलाव जैन समाज और विभिन्न संगठनों की मांग पर किया गया है किंतु, यहाँ प्रश्न यह उठता है कि क्या सरकारों को एक तीर्थंकर की जयंती को समाजों की अपनी आस्था और मान्यता के साथ 'एडजस्ट' करने का निर्णय साल की शुरुआत में ही नहीं करना चाहिए?

इस विवाद की जड़ें पंचांग की उस सूक्ष्म गणना में हैं जिसे समझने में सरकारी तंत्र अक्सर विफल रहता है। वर्ष 2026 में महावीर जयंती की 'चैत्र शुक्ल त्रयोदशी' तिथि का विस्तार 30 और 31 मार्च, दोनों दिनों में हो रहा है।

जैन पंचांग के अनुसार, दिगंबर जैन समाज प्रायः उस दिन को प्रधानता देता है जब सूर्योदय के समय त्रयोदशी तिथि हो जो 30 मार्च को माना गया है। वहीं, श्वेतांबर जैन समाज मुख्य पूजन मुहूर्त और तिथि की पूर्णता के आधार पर 31 मार्च को प्राथमिकता देता है। चूँकि मध्य प्रदेश के इंदौर, उज्जैन और भोपाल जैसे जिलों में जैन आबादी का एक बड़ा वर्ग 30 मार्च को जुलूस और धार्मिक अनुष्ठान कर रहा था, इसलिए प्रशासन ने उनकी मांग पर अवकाश को 'प्री-पोन' (Pre-pone) कर दिया।

परंतु, क्या प्रशासन की जिम्मेदारी केवल 'रिएक्टिव' (Reactive) होना है? यदि समाज के विभिन्न अंगों के बीच तिथियों का यह भेद पहले से ज्ञात था तो वार्षिक कैलेंडर जारी करते समय ही विशेषज्ञों और धर्मगुरुओं से परामर्श क्यों नहीं किया गया?

स्थानीय राजनेताओं को भी अंतिम समय में अवकाश की तिथि बदलने की मांग कर प्रशासन को दुविधा में नहीं डालना चाहिए। यह कोई अचानक आयी तिथि तो नहीं है। पंचांग पहले से मौजूद है, तो परामर्श और प्लान भी पहले ही क्यों नहीं। केन्द्र से लेकर हर राज्य सरकारों को पूर्व परामर्श की संस्कृति को संस्थागत रूप देना चाहिए।

अंतिम समय में आदेश बदलना उन नागरिकों और संस्थानों के लिए परेशानी का सबब बनता है जो पहले से योजनाएँ बना चुके होते हैं।

विडंबना यह है कि यह प्रशासनिक 'लचक' अक्सर चयनात्मक होती है। जब 2022 में झारखंड के जामताड़ा में स्कूलों ने साप्ताहिक अवकाश रविवार से शुक्रवार किया, तो इसे 'तुष्टिकरण' और 'परंपराओं से खिलवाड़' बताया गया। स्वयं प्रधानमंत्री ने इसे गलत ठहराया था। यदि स्थानीय बहुलता के आधार पर साप्ताहिक अवकाश बदलना गलत है, तो प्रशासनिक सुविधा या मांग के आधार पर 'धार्मिक तिथि' को हिलाना सही कैसे हो सकता है? सिद्धांत वही है—आस्था बनाम प्रशासन।

भारत में न्यायिक टिप्पणियां इस दिशा में स्पष्ट मार्गदर्शन देती हैं:

सुप्रीम कोर्ट (28 मार्च 2026): न्यायालय ने हाल ही में कहा कि ₹सार्वजनिक अवकाश की मांग करना मौलिक अधिकार नहीं है।

पड़ोसी देश...

विवेक रंजन श्रीवास्तव

## सियासत का सतरंगी सर्कस




आजकल राजनीति के गलियारे किसी गंभीर चिंतन और राष्ट्र निर्माण के केंद्र नहीं रह गए बल्कि वे मनोरंजन के ऐसे भव्य ऑडिटोरियम बन गए हैं जहाँ हर वक्त कोई न कोई तमाशा जारी रहता है। दुनिया भर में सत्ता की कुर्सी अब जनसेवा का पवित्र साधन कम और किसी पॉपुलर 'रिएलिटी शो' का चमकता हुआ इनाम ज्यादा लगने लगी है। अगर हम गौर से देखें तो साफ पता चलता है कि जनता अब पुरानी नीतियों की नीरसता और उबाऊ भाषणों से पूरी तरह थक चुकी है। उसे शासन के गंभीर चेहरे में भी अब शायद भरपूर ड्रामे की दरकार रहने लगी है। इसी का नतीजा है कि दुनिया के तमाम मुल्कों में अब ऐसे चेहरों का बोलबाला है जो किसी न किसी रूप में पर्दे या मंच के जादूगर रहे हैं। पड़ोसी देश नेपाल की मिसाल लीजिए जहाँ एक चॉकलेटी पॉप गायक प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठने के लिए चुन लिया गया है। उस वक्त ऐसा लगा जैसे देश की सदियों पुरानी और पेचीदा समस्याओं का समाधान अब गंभीर फाइलों या भारी-भरकम चर्चाओं से नहीं बल्कि गिटार की सुरीली धुनों और पॉप संगीत की ताल पर होगा। वहां की जनता सुर-ताल पर इतनी मुग्ध हो गई कि उसे देश के बजट के बिगड़ते तालमेल से ज्यादा इस बात की फिक्र सताने लगी कि उनके प्रधानमंत्री की पिच कहीं खराब न हो जाए। यह तो महज एक झांकी भर थी । असली धमाका तो हुआ था यूक्रेन में जहां एक मंजा हुआ कॉमेडियन सीधे राष्ट्रपति भवन के आलीशान कमरों तक जा पहुंचा है। वहां की जनता को शायद यह गुमान रहा होगा कि अगर हंसी-मजाक और लतीफों के बीच देश की गाड़ी चल जाए तो गम के दिन आसानी से कट जाएंगे मगर कुदरत की विडंबना देखिए कि जब इस सियासी कॉमेडी की स्क्रिप्ट में युद्ध का खूनी मंजर और बारूद की गंध दाखिल हुई तो बरसों पुराने हंसी के फव्वारे पल भर में खौफ के गहरे साये में बदल गए। भारत के स्टैंडअप कॉमेडियन खुद को सत्ता के गलियारों के पास देखने के ख्वाब ही नहीं बुन रहे , पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में अपने सपने सच होते देख देख हंस रहे हैं। सरहद पार पाकिस्तान का हाल तो इससे भी कहीं ज्यादा निराला और दिलचस्प रहा है। वहां मिलिट्री हमेशा सत्ता में रही है पर क्रिकेट की पिच और पार्लियामेंट की गैलरी का बुनियादी अंतर ही वहां पूरी तरह मिटा दिया गया। जब मैदान के मशहूर कप्तान साहब ने प्रधानमंत्री पद का हलफ उठाया तो पूरे मुल्क की रगों में यह उत्साह दौड़ गया कि अब हर मुसीबत की गेंद पर सीधा छक्का लगेगा और महंगाई की खतरनाक गुगली पर देश कभी क्लीन बोल्ड नहीं होगा। लोगों को लगा कि अब सियासत भी क्रिकेट की तरह फटाफट अंदाज़ में चलेगी और नतीजे तुरंत आएंगे मगर अफसोस कि राजनीति का यह खेल किसी रोमांचक टी-20 के बजाय एक थकाऊ टेस्ट मैच की तरह लंबा खिंचता चला गया।

जरा हटके

अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिज्ञ...

कमलेश पांडेय

## क्यूबा के साथ रूस के खड़ा होने से ठिठके अमेरिकी पांव



क्षेत्रफल के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा देश रूस ने चीन के प्रत्यक्ष और भारत के परोक्ष मदद से सोवियत संघ युगीन शीत युद्ध कालीन प्रतिष्ठा पुनः हासिल करने की ओर बढ़ चुका है। पिछले दिनों बेनेजुएला और ईरान के विरुद्धसख्त कार्रवाई के बाद मनबढ़ अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंफ ने कहा था कि क्यूबा के साथ मैं जो चाहूंगा करूँगा। इस बात को रूस ने नोट किया और बेनेजुएला और ईरान की गलतियों से सबक लेते हुए खुलकर क्यूबा के बताते पक्ष में उतर आया और अपना तेल टैंकर भेज दिया, जिसके विरुद्ध कार्रवाई करने का अमेरिका साहस इसलिए नहीं दिखा पाया, क्योंकि रूसी मदद से ईरान ने पश्चिम एशिया और अरब-खाड़ी के मध्य पूर्व देशों में अमेरिकी लंगोट खोलने पर उतारू हो चुका है। इससे अमेरिका एक और नया मोर्चा खोलने से परहेज कर गया। इसके वैश्विक मायने अहम हैं।

अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिज्ञ बताते हैं कि क्यूबा के साथ रूस के समर्थन ने अमेरिका को प्रत्यक्ष सैन्य हस्तक्षेप से रोका, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने आर्थिक प्रतिबंधों और दबाव से क्यूबा को कमजोर करने की रणनीति अपनाई। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर यह घटना 'महाशक्ति प्रतिस्पर्धा' को दर्शाती है, जहां रूस पश्चिमी गोलार्ध में अमेरिकी वर्चस्व को चुनौती दे रहा है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने क्यूबा को ₹विफल राज्य₹ बताते हुए नियंत्रण की धमकी दी, लेकिन रूस ने क्यूबा के साथ सैन्य सहयोग समझौते को मंजूरी देकर एकजुटता दिखाई। वहीं, जब क्यूबा ऊर्जा संकट से जूझ रहा है, जहां अमेरिकी प्रतिबंधों ने वेनेजुएला से तेल रोक दिया, पर रूस ने खुलकर समर्थन का ऐलान किया। और अपना तेल टैंकर भेज दिया। इससे अमेरिका को सैन्य कार्रवाई से पीछे हटना पड़ा।

बताते चलें कि रूस ने अक्टूबर 2025 में क्यूबा के सैन्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए विशेषज्ञ भेजे, जो शीत युद्ध जैसी स्थिति पैदा करता है। यह कदम अमेरिका के पड़ोस में रूसी प्रभाव को पुनर्जीवित करता है, खासकर यूक्रेन युद्ध के बीच। रूस क्यूबा को ₹अटूट एकजुटता₹ का वादा देकर वैश्विक ध्रुवीकरण को तेज कर रहा है। जबकि अमेरिका ने क्यूबा को ₹आतंकवाद प्रायोजक₹ सूची में डालकर आर्थिक घुटन बढ़ाई, लेकिन रूसी समर्थन से प्रत्यक्ष आक्रमण टल गया। बहरहाल, ट्रंप का फोकस लैटिन अमेरिका में चीन-रूस को सीमित करना है, जो पश्चिमी गोलार्ध को अमेरिकी प्रभाव क्षेत्र मानता है।

## 2625 वां भगवान् महावीर जन्म कल्याणक दिवस

भगवान् महावीर ने चौथे आरे के अन्त में जन्म लिया था । इस अवसर्पिणी काल के वे अंतिम तीर्थंकर थें । आज का जैन- दर्शन उनकी वाणी का ही फलित हैं । भगवान् महावीर इतिहासकारों की दृष्टि में महान् क्रांतिकारी, परम् अहिंसावादी तथा उत्कृष्ट साधक थें । उन्होंने पशु- बलि का विरोध किया , जातिवाद को अतात्विक माना और दास प्रथा को हिंसाजनक बतलाया । धर्म के ठेकेदारो ने तब धर्म को अपने- अपने कठघरों में बन्द कर रखा था, उस समय जन साधारण तक धर्म का स्रोत प्रवाहित करने का कठिनतम कार्य भगवान् महावीर ने ही किया । स्वयं राजमहल में जन्म लेकर भी दलित वर्ग को गले लगाया, उसे धर्म का अधिकार प्रदान किया । सचमुच भगवान् महावीर अपने युग के मसीहा थें । क्षत्रियकुण्ड नगर के राजा सिद्धार्थ की रानी त्रिशला की कुक्षि में भगवान् महावीर का जीव आया । महारानी त्रिशला ने चौदह महास्वप्न देखें । महारानी त्रिशला की कुक्षि में भगवान् के अवस्थित होने के बाद सिद्धार्थ राजा का जनपद व भण्डार धन- धान्य से सम्पन्न हो गया । देव- सहयोग से राजभण्डार में अप्रत्याशित रूप से अर्थ की वृद्धि हुईं । राजा सिद्धार्थ का मान- सम्मान आसपास के जनपदों में सहसा बढ़ता चला गया । गर्भकाल पूर्ण होने पर चैत्र शुक्ला त्रयोदशी की मध्य रात्रि में महावीर का उत्तरफाल्गुनी नक्षत्र में जन्म हुआ । राजा सिद्धार्थ ने खुले ह्रदय से दस दिन का उत्सव मनाया । प्रजा के आनंद व उत्साह की सीमा नहीं रही । क्षत्रिय कुंड की सजावट इंद्रपुरी को भी मात कर रही थी । नागरिकों का कर माफ कर दिया । कैदियों को बंधन मुक्त कर दिया । नामकरण के दिन पारिवारिक जनो का प्रीतिभोज रखा गया । समस्त पारिवारिक लोगों ने नवजात शिशु को देखकर आशीर्वाद दिया । नाम की परिचर्चा में राजा सिद्धार्थ ने कहा - इसके गर्भकाल में धन- धान्य की अप्रत्याशित वृद्धि हुई थी अतः बालक का नाम वर्धमान रखा जायें । सभी ने बालक को इसी नाम से पुकारा । बाद में प्रभु के अन्य नाम- महावीर, श्रमण, ज्ञातपुत्र, विदेह, वैशालिक , सन्मति, महतिवीर, काश्यप, देवार्य आदि भी प्रचलित हुए ।

**> प्रदीप छाजेड़**

## मुजफ्फरनगर में बहन को ईदी देने पर पत्नी से हुआ था झगड़ा, चारों की बॉडी पोस्टमॉर्टम के लिए भेजी गई

# पति ने पत्नी और 2 बच्चों की हत्या करके दी जान

**कोहराम**

तमसा संकेत, एजेंसी

मुजफ्फरनगर । मुजफ्फरनगर में एक ही परिवार के 4 लोगों के शव एक कमरे में मिले हैं। कमरा अंदर से बंद था। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो पति फंदे पर लटका मिला। पत्नी जमीन और दोनों बच्चे फर्श पर पड़े थे। बेटा 2 साल का और बेटी 1 महीने की थी।

घरवालों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच ईद के दूसरे दिन (22 मार्च) से झगड़ा चल रहा था। पति ने अपनी बहन को ईदी में 1700 रुपए दे दिए थे। इससे पत्नी नाराज हो गई थी। मंगलवार तड़के 4 बजे तक भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा होता रहा। इसके बाद सुबह पति-पत्नी और दोनों बच्चों की लाशें कमरे में मिलीं। दोनों की 5 साल पहले शादी हुई थी। SSP संजय कुमार वर्मा ने बताया- शुरुआती जांच में सामने आया है कि पति ने पहले पत्नी और बच्चों की हत्या की, फिर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों को शक हुआ। उन्होंने परिवार के एक रिश्तेदार को बुलाया और पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा खोला गया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

सरवट इलाके की गली नंबर-6 इरशाद (32), पत्नी नूरीन (28), दो साल के बेटे आहिल और एक महीने की बेटी अक्शा के साथ रहता था। इरशाद पेंटिंग का काम करता था। मंगलवार सुबह जब काफी देर तक इरशाद के घर का दरवाजा नहीं खुला, तो पड़ोसियों ने उसके भाई नौशाद को बुलाया। नौशाद जब अंदर पहुंचा, तो इरशाद, उसकी पत्नी और दोनों बच्चों की मौत हो चुकी थी। नौशाद ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।



यह पति-पत्नी और दोनों बच्चों की तस्वीरें हैं। चारों की बॉडी पोस्टमॉर्टम के लिए भेजी गई है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा का कहना है कि बहन को ईद के 1700 रुपए देने को लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ था। आज दो बच्चों और पति-पत्नी के शव एक कमरे में मिले हैं।

### घटना की सूचना मिलते ही इरशाद के घर के बाहर भीड़ लग गई

नूरीन की बहन अर्शी ने बताया- मेरी बहन की शादी के 22 दिन बाद से ही जीजा उसको प्रताड़ित करने लगे थे। बहन के साथ मारपीट की जाती थी। जीजा शराब के नशे में रहते थे। मेरे सामने उन्होंने बहन के नाखून तक तोड़ दिए थे। पेट में लात मारी थी। जीजा ने बहन को धमकी दी थी कि छोड़ेंगे नहीं। बहन बार-बार छोड़ने की गुहार लगाती रही, लेकिन उसकी पिटाई करते रहे थे।



### पड़ोसियों और रिश्तेदारों से हुई पूछताछ

पुलिस ने घटना की कड़ियां जोड़ने के लिए पड़ोसियों और रिश्तेदारों से पूछताछ की। अफसरों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घरवालों ने पुलिस को बताया कि हाल ही में इरशाद की बहन घर आई थी, जिसे उसने ईदी के रूप में 1700 रुपए दे दिए थे। इसी बात को लेकर उसकी पत्नी नूरीन नाराज हो गई थी। दोनों के बीच इस बात को लेकर झगड़ा भी हुआ था। नूरीन ने अपने मायके पक्ष को भी इसके बारे में बताया था।

## चोटी वाला ढाबा पर पुलिस का छापा देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा (छाता)। जनपद के छाता क्षेत्र में पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कोतवाली छाता के अंतर्गत चौकी दौताना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-19 स्थित "चोटी वाला ढाबा" पर छापेमारी कर पुलिस ने पांच युवतियों और चार युवकों को आपत्तिजनक स्थिति में गिरफ्तार किया। मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से उक्त ढाबे पर देह व्यापार संचालित होने की गुप्त सूचनाएं मिल रही थीं। सूचना की पुष्टि के बाद क्षेत्राधिकारी छाता भूषण वर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। कार्रवाई को सफल बनाने के लिए पुलिस ने पहले एक फर्जी ग्राहक को भेजकर पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाई। पुष्टि होते ही बाहर तैनात पुलिस टीम ने तत्काल दबिश दे दी। छापेमारी के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर कोतवाली छाता पहुंचाया, जहां उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह का मुख्य सरगना फराह क्षेत्र का रहने वाला एक दलाल है, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

**फास्ट न्यूज**

### नैनी थाने में हंगामे के मामले की होगी जांच

प्रयागराज । प्रयागराज के नैनी थाने में 27 मार्च को हुए हंगामे के मामले में जांच शुरू हो गई है। पूर्व सैनिकों के एक दल ने पीएचक्यू का घेराव करते हुए आरोप लगाया कि उनके साथी पूर्व सैनिक दिलीप सिंह को नैनी थाने में पीटा गया। बेवजह उन्हें थाने लाया गया और मुकदमा भी दर्ज कर दिया गया। उनकी शिकायत पर एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर ने इस पूरे मामले की जांच शुरू करा दी है।

### फर्जी आर्मी ऑफिसर गिरफ्तार

वाराणसी । वाराणसी एसटीएफ और पुलिस ने फर्जी आर्मी ऑफिसर को गिरफ्तार किया है। आरोपी धर्मेंद्र कुमार पांडेय ने सेना में भर्ती के नाम पर युवाओं से लाखों रुपए ठगी भी की। आरोपी के कब्जे से 2 मोबाइल फोन, मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस के 2 फर्जी आईडी कार्ड, 3 पैन कार्ड, 3 आधार कार्ड, 2 ड्राइविंग लाइसेंस, 3 डेबिट कार्ड, 2 अंक पत्र और 1 शैक्षिक प्रमाण पत्र बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, आरोपी मूल रूप से चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के कैली गांव का रहने वाला है। वह इन दिनों वाराणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्र स्थित बृज एंक्लेव कॉलोनी में रह रहा था।

### ट्रांसफार्मर फुंकने पर पांच इंजीनियर सस्पेंड

मेरठ। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने ट्रांसफार्मर फुंकने पर एक XEN समेत 5 इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया है। सभी को गजरौला अटैच किया गया है। इस मामले में चीफ इंजीनियर और सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर से भी जवाब तलब किया गया है, जिसके बाद पश्चिमांचल में हड़कंप मचा है।

## मेधावी छात्र छात्राओं व अभिभावकों का हुआ सम्मान समारोह

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक क्षेत्र के ममतामऊ- फूलपुर के पास स्थित सीएमएस जूनियर हाईस्कूल में शैक्षणिक सत्र के समापन पर वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। भगवान महावीर जयंती के अवसर पर मंगलवार को आयोजित एक सम्मान समारोह में शिशु से आठवीं कक्षा तक के परिणाम जारी किए गए। इस समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को सराहा गया। विद्यालय के लगभग 500 विद्यार्थियों में से कुल 30 छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत से विशेष स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

इस वर्ष की परीक्षाओं में रेखा ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। निशात फातिमा ने 92.79 प्रतिशत, अयांशा मौर्य ने 92.08 प्रतिशत और सृष्टि देवी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेधा का प्रदर्शन किया। इनके अतिरिक्त, बुशरा अंजुम (90%), अंकुल (89.45%), प्रिया, तबस्सुम और आरजू पटेल (तीनों 89%), कृष्णा (87%), विवेक व साक्षी वर्मा (86%), भानु यादव (85%) तथा हैप्पी (82%) ने भी शानदार अंकों के साथ सफलता की सूची में जगह बनाई। महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक चरण सिंह और प्रधानाचार्य अजय कुमार वर्मा ने होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। इस दौरान बच्चों के मार्गदर्शक अभिभावकों मोहम्मद उस्मान, विजय कुमार, बलजीत यादव, सर्वेश, मुकेश मौर्य, जयचंद, ओम प्रकाश, अतीक खान, प्रियंका और गौसिया को भी सम्मानित किया गया।



## बिहार के विधायक बोले- यूपी एसटीएफ मेरे सामने ले गई, लगा किडेनैपिंग हुई

# सीएम योगी की मां को अपशब्द कहने वाला मौलाना गिरफ्तार

**शिंकजा**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी के CM योगी आदित्यनाथ की मां के खिलाफ भड़काऊ बयान देने वाले मौलाना अब्दुल सालिम चतुर्वेदी को STF ने गिरफ्तार किया है। मौलाना बिहार में अररिया के जोकीहाट का रहने वाला है। यूपी STF ने उसे वहीं से दबोचा है। बिहार में अमौर सीट से AIMIM विधायक अख्तरुल ईमान ने सोमवार को मौलाना की गिरफ्तारी की पुष्टि की। मौलाना सालिम भी AIMIM से जुड़ा रहा है। विधायक ने बताया, मौलाना को उनके ही विधानसभा क्षेत्र से पकड़ा गया है।

विधायक ने बताया, हमें खबर मिली है कि मौलाना को कुछ लोग उठाकर ले गए, लेकिन ये स्पष्ट नहीं है कि मौलाना को किडनैप किया गया है या गिरफ्तार। उन्होंने इस मामले को लेकर जिले के SP को जानकारी दी है। दरअसल, अब्दुल्ल सलीम पर रमजान के दौरान यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है। 6 मार्च को वीडियो सामने आया था।






मौलाना अब्दुल सालिम के खिलाफ बलरामपुर में भाजपा पदाधिकारियों ने केस दर्ज कराया था।

### बिहार पुलिस बोली- हमें कोई जानकारी नहीं

अख्तरुल ईमान ने कहा, "सोमवार देर शाम मौलाना को पूर्णिया जिले के दलमालपुर चौक से कुछ लोग उठाकर ले गए। अब उनकी किडनैपिंग हुई है या यूपी STF ने उठाया है, मुझे पता नहीं। इस मामले को लेकर जब मैंने जिले के थाना प्रभारी से बात की तो उन्होंने मुझे यूपी STF से बात कराया। STF ने बताया कि उन्हें कानूनी प्रकिया के तहत पुलिस अपने साथ ले गई है।" उन्होंने बताया, इस मामले की जानकारी उन्होंने जिले के SP को दी है। हालांकि, बिहार पुलिस का कहना है कि इस मामले को लेकर उन्हें कोई जानकारी नहीं।

इसके बाद यूपी में हिंदूवादी संगठन और भाजपा के लोगों ने उनपर कार्रवाई करने की मांग की थी। बलरामपुर में केस भी दर्ज हुआ था।

# युवक ने की आत्महत्या की कोशिश हालत गंभीर

## परिजनों की सतर्कता से टली अनहोनी

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में सोमवार देर रात एक बड़ी अनहोनी उस समय टल गई, जब परिजनों की तत्परता से फांसी लगाने का प्रयास कर रहे युवक की जान बचा ली गई। गंभीर हालत में युवक को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,शिवराजपुर गांव निवासी भगवती शरण के 30 वर्षीय पुत्र अवधेश कुमार ने रात में अपने घर के एक कमरे में खुद को बंद कर तौलिया के सहारे फांसी लगाने की कोशिश की। घटना के समय घर के अन्य सदस्य अपने-अपने कमरों में थे। अचानक कमरे से कुर्सी गिरने की तेज आवाज सुनकर परिजन सतर्क हो गए। उन्हें अनहोनी की आशंका हुई और वे तुरंत कमरे की ओर दौड़े। दरवाजा अंदर से बंद होने पर परिजनों ने खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया। वहां का दृश्य देखकर सभी के होश उड़ गए अवधेश फंदे से झूल रहा था। परिजनों ने बिना समय गंवाए तुरंत फंदा काटकर उसे नीचे उतारा और गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिवार के लोगों के मुताबिक, अवधेश सोमवार शाम शराब के नशे में घर लौटा था और काफी देर तक हंगामा करता रहा। स्थिति बिगड़ती देख परिवार के सदस्य अपने कमरों में चले गए, जबकि उसकी पत्नी बच्चों के साथ दूसरे कमरे में सो रही थी। इसी दौरान उसने यह कदम उठाने का प्रयास किया।





### पत्नी को जहर खिलाने वाला दरोगा लाइन हाजिर

आगरा । पत्नी को जहर देने वाले दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया है। सूचना मिलते ही महिला के परिजन फरीदाबाद से आगरा पहुंचे। उन्होंने दरोगा के खिलाफ थाना न्यू आगरा में शिकायत दी थी।

पिता ने दरोगा लोकेश भाटी पर फॉर्च्यूनर कार की मांग पूरी न होने पर बेटी मीनाक्षी के साथ मारपीट कर जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया था। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया- शिकायत और पीड़िता के बयान के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मामले की जांच थाना न्यू आगरा में की जा रही है। इसको देखते हुए आरोपी दरोगा को लाइन हाजिर किया गया है। मीनाक्षी फरीदाबाद के वल्लभगढ़ क्षेत्र के चांदपुर गांव की रहने वाली है। उसकी मां ने बताया कि 21 अप्रैल, 2021 को बदायूं के रामपुर के रहने वाले लोकेश भाटी से बेटी की शादी की थी। लोकेश थाना न्यू आगरा में तैनात हैं।

# बाइक की टक्कर से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत सदुल्लापुर चौराहे के पास सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में घायल हुए बुजुर्ग की मंगलवार को इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस शव को कब्जे में पोस्टमार्टम कारवां कर जांच पड़ताड़ में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सदुल्लापुर मजरे बतनेरा गांव निवासी करीब 70 वर्षीय फौजदार पुत्र राम प्रसाद सोमवार दोपहर साइकिल से किसी कार्य से जा रहे थे। जैसे ही वह सकतापुर चौराहे के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल बुजुर्ग को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सूरतगंज पहुंचाया। वहां तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल बाराबंकी के लिए रेफर कर दिया। जहां मंगलवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक फौजदार के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि उनके कोई संतान नहीं थी। परिवार में उनके दो सगे भाई हैं, जबकि उनकी पत्नी मानसिक रूप से अस्वस्थ रहती हैं। ऐसे में उनके निधन से परिवार की स्थिति और भी दयनीय हो गई है। इस संबंध में लालपुर चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले की जानकारी है लेकिन अभी तक पीड़ित परिवार की ओर से किसी प्रकार की तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलती है तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई जरूर की जाएगी।



**चर्चा :** एक घंटे विश्वनाथ धाम की एसओपी समझी, यूपी सरकार से 7 समझौते किए

# काशी का क्राउड मैनेजमेंट सिस्टम अच्छा : मोहन यादव

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। यहां बाबा के दर्शन-पूजन किए। इसके बाद अधिकारियों के साथ चर्चा हुई। इस दौरान सीएम मोहन यादव ने मंदिर की SOP को समझा। सीएम मोहन यादव ने कहा- काशी विश्वनाथ धाम का क्राउड मैनेजमेंट सिस्टम काफी अच्छा है। जिस तरह बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर में भीड़ प्रबंधन हो रहा है। उसी तरह का प्रबंधन हम सिंहस्थ में भी चाहते हैं। हम इसीलिए यहां आए हैं। हम बाबा महाकाल और काशी विश्वनाथ को लेकर योजनाओं, जानकारियों का आदान-प्रदान करेंगे। इसके लिए हमने एमओयू भी साइन किया है। हम प्रयास करेंगे कि दर्शन के लिए जनता को बेहतर सुविधा मिले। प्रयागराज में महाकुंभ हुआ है। अब उज्जैन में सिंहस्थ होने वाला है। ऐसे में सुगमता बनी रहे, सारी व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए हमने प्रजेंटेशन भी देखा। मंदिर के सीईओ ने बताया- हमारे यहां 115 विग्रह है, जिसमें 14 प्रधान महादेव हैं। हमने उनके रुद्राभिषेक और उसके महत्व के बारे में डिजिटल और बुकलेट के माध्यम से समझाने का प्रयास किया है। लोग यहां पर रुद्राभिषेक करते हैं। इससे भीड़ अलग-अलग जगह पर डायवर्ट हो जाती है। सीएम ने यहां की SOP को करीब 1 घंटे तक समझा। अब एमपी के अधिकारी इसका अध्ययन करेंगे। व्यवस्थाएं ठीक रहीं तो महाकाल मंदिर में विश्वनाथ मंदिर की SOP लागू हो सकती है। इसके अलावा मंत्री नंद गोपाल नंदी की अध्यक्षता में लगभग 7 से अधिक समझौतों पर मध्य प्रदेश सरकार ने यूपी सरकार से समझौता किया है। दरअसल, 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ मेला का आयोजन होना है। प्रत्येक 12 साल में शिप्रा नदी के तट पर होने वाले इस आयोजन को लेकर करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु जुड़ते हैं। इन्हीं सब तैयारियों को लेकर सीएम यादव काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे।






> वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर और उज्जैन के महाकाल मंदिर में क्राउड मैनेजमेंट की तकनीक की जानकारी के लिए काशी विश्वनाथ ट्रस्ट मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने उज्जैन के आयुक्त के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

### सीएम मोहन बोले- हम विकास का नया मॉडल तैयार करेंगे

सीएम मोहन ने कहा कि मध्य प्रदेश अपने सफल ODOP मॉडल यानी एक जिला एक उत्पाद मॉडल यूपी के साथ साझा करेगा। मध्य प्रदेश और यूपी के बीच सांझी संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भी यह MoU किए गए हैं। इसका उद्देश्य आपसी सहयोग से अंतरराष्ट्रीय निवेश बढ़ाने और व्यावहारिक औद्योगिक विकास का नया मॉडल तैयार किया जाना है।

### राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम का 4 अप्रैल को जनपद भ्रमण



बाराबंकी। सूचना विभाग से प्राप्त जानकारी से राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम आने वाले माह चार अप्रैल को जिले में आएंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राज्य सूचना आयुक्त दिनांक-04 अप्रैल, 2026 दिन (शनिवार) को पूर्वान्ह 11रू00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त विभागों के जनसूचनाधिकारियों एवं उनके प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में जन सूचना अधिकार के संबंध मे विभिन्न बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। समीक्षा बैठक के उपरांत आयुक्त द्वारा प्रेस वार्ता की जायेगी।

# एलपीजी भरते समय वैन में लगी आग, बाप-बेटे बचे

## घरेलू सिलेंडर से कर रहे थे रिफिलिंग

तमसा संकेत, एजेंसी

दुबग्गा । लखनऊ के काकोरी क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। हरदोई रोड स्थित दुर्गागंज चौराहे के पास अवैध रूप से गैस भरते समय एक वैन में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी वैन को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि वैन मालिक पिता-पुत्र समय रहते मौके से भाग निकले, जिससे उनकी जान बच गई।

जानकारी के अनुसार, दुर्गागंज निवासी राम शंकर राजपूत मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हरदोई रोड किनारे एक खाली प्लॉटिंग साइट पर अपनी वैन में घरेलू एलपीजी सिलेंडर से गैस भर रहे थे। वे एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन का उपयोग कर सिलेंडर से वैन के टैंक में गैस स्थानांतरित कर रहे थे। इसी दौरान मशीन में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे चिंगारी निकली और वैन में आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राम शंकर और उनके पुत्र ने पहले आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, आग तेजी से फैलने और सिलेंडर में विस्फोट के खतरे को देखते हुए दोनों जान बचाकर वहां से भाग निकले। कुछ ही देर में पूरी वैन आग का गोला बन गई और आसपास घना धुआं फैल गया, जिससे राहगीरों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।



# एमबीए स्टूडेंट की किडनी निकालकर बेची

**खुलासा**

## 10 लाख में फंसाया, 60 लाख में बेची, 5 डॉक्टर समेत 6 अरेस्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर में पुलिस ने अवैध किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का सोमवार देर रात खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक, एक एमबीए छात्र की किडनी 10 लाख रुपए में खरीदी गई और मरीज को 60 लाख रुपए में बेची गई। तय सौदे के अनुसार छात्र को 50 हजार रुपए कम दिए गए। इसके बाद उसने पुलिस को फोन कर मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने पर सोमवार देर रात पुलिस ने शहर के मेड लाइफ हॉस्पिटल, अहूजा हॉस्पिटल और प्रिया हॉस्पिटल में एक साथ छापेमारी की। पुलिस का कहना है कि मेड लाइफ हॉस्पिटल में किडनी डोनर एमबीए छात्र और किडनी पाने वाला मरीज भर्ती मिले। जब ट्रांसप्लांट से जुड़े दस्तावेज मांगे गए, तो अस्पताल कोई वैध कागजात



शिवम अग्रवाल उर्फ शिवम काड़ा, एजेंट

पेश नहीं कर सका। पुलिस ने मंगलवार को शहर के अहूजा हॉस्पिटल की मालकिन डॉ. प्रीति आहूजा, उनके पति डॉ. सुरजीत, डॉ राजेश कुमार, डॉ राम प्रकाश, डॉ नरेंद्र सिंह व दलाल शिवम अग्रवाल को अरेस्ट कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, कल्याणपुर के अहूजा हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट का खेल चल रहा था। पुलिस पूछताछ में किडनी डोनर आयुष ने बताया- मैं मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर का रहने वाला हूं, लेकिन अभी मेरठ में रहता हूं। उसने बताया कि किडनी ट्रांसप्लांट कराने का मास्टरमाइंड शिवम अग्रवाल उर्फ शिवम काड़ा है, जिसने उसे एक टेलीग्राम ग्रुप के जरिए फंसाया। शिवम ने उसे कानपुर बुलाया। कल्याणपुर के आवास विकास-3 में बने एक अपार्टमेंट

### एसीएमओ बोले- अस्पतालों को नोटिस जारी, जल्द लाइसेंस होगा निरस्त

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (ACMO) डॉ. रमित रस्तोगी ने बताया कि कल्याणपुर के कुछ अस्पतालों में अवैध रूप से किडनी ट्रांसप्लांट होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस, विजिलेंस और डॉक्टरों की संयुक्त टीम ने छापेमारी की, जिसमें किडनी ट्रांसप्लांट की बात सही पाई गई।

मेड लाइफ हॉस्पिटल, अहूजा हॉस्पिटल और प्रिया हॉस्पिटल को नोटिस जारी किया गया है। इन अस्पतालों से पूछा गया है कि किडनी ट्रांसप्लांट के मरीज यहां कैसे पहुंचे, समेत कुल 10 सवालों के जवाब मांगे गए हैं। अस्पतालों के जवाब मिलने के बाद तीनों के लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

में शिवम अग्रवाल के साथ डील हुई। 10 लाख रुपए में सौदा तय हुआ। पुलिस के मुताबिक, रविवार को अहूजा हॉस्पिटल में मुजफ्फरनगर की पारुल तोमर का किडनी ट्रांसप्लांट किया गया था। पारुल के परिवार से 60 लाख रुपए लिए गए, लेकिन आरोपी ने आयुष को




सोमवार देर रात पुलिस ने शहर के मेड लाइफ हॉस्पिटल, अहूजा हॉस्पिटल और प्रिया हॉस्पिटल में एक साथ छापेमारी की।

महज 9.50 लाख रुपए दिए। कम पैसे मिलने पर विवाद हो गया। सोमवार को आयुष ने फोन पर पुलिस को मामले की जानकारी दे दी। इधर, अहूजा हॉस्पिटल के संचालन को जैसे ही पता चला कि पुलिस को जानकारी हो गई है, उसने आयुष को मेड लाइफ हॉस्पिटल में एडमिट करा दिया, जबकि पारुल तोमर को कल्याणपुर के ही प्रिया हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया गया। हालांकि, पुलिस जांच करते हुए दोनों तक पहुंच गई। इसी दौरान किडनी डोनर आयुष की हालत बिगड़ गई, जिसके बाद पुलिस ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया है।

**पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती जांच में अब तक 12 से ज्यादा किडनी ट्रांसप्लांट के सबूत मिले हैं। यह भी सामने आया है कि यह नेटवर्क लखनऊ के अलावा दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और नेपाल तक फैला हुआ है।**

## फराज अहमद सिद्दीकी बने पीसीएस अधिकारी, क्षेत्र में खुशी की लहर

**सफलता**

तमसा संकेत, संवाददाता




लखनऊ/प्रयागराज। क्षेत्र के होनहार युवक फराज अहमद सिद्दीकी ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (PCS) परीक्षा में सफलता हासिल कर पीसीएस अधिकारी बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिजनों, मित्रों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

फराज अहमद सिद्दीकी की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखते हुए यह मुकाम हासिल किया। उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों ने फराज को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सभी ने कहा कि यह सफलता उनकी निरंतर मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

इस अवसर पर लोगों ने दुआ की कि अल्लाह उन्हें और ऊंचाइयों तक पहुंचाए तथा वे समाज और देश की सेवा करते हुए सफलता की नई मिसाल कायम करें। फराज अहमद सिद्दीकी को ढेर सारी मुबारकबाद और शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

**फास्ट न्यूज**

### पुलिस ने अमेरिकन गांजे के साथ हिस्ट्रीशीटर को पकड़ा

कानपुर । कानपुर की चकेरी पुलिस ने शातिर अपराधी व मादक पदार्थ तस्कर अंकित सिंह चौहान उर्फ अंकित तुत्तल को अरेस्ट किया है। शातिर के पास से पुलिस को 101.7 ग्राम टीएचसी/टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल/ड्रोनाबीनोल (अमेरिकन गांजा) और 1.0069 ग्राम चरस बरामद की है। अंकित तुत्तल कि अरेस्टिंग के बाद पुलिस ने शातिर का इलाके में करीब दो किमी. लंबा जुलूस निकाला। इसके बाद कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया।

### कानपुर यूनिवर्सिटी के क्लासरूम में गैंगरेप की कोशिश

कानपुर । कानपुर के छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (कानपुर यूनिवर्सिटी) की छात्रा से क्लासरूम में गैंगरेप की कोशिश का मामला सामने आया है। छात्रा का कहना है कि तीन लड़कों ने मेरे साथ जबरदस्ती क्लासरूम में छेड़छाड़ की। फिर गैंगरेप की कोशिश की। छात्रा ने कहा- आरोपियों की हरकत की वजह से मैं डिप्रेशन में हूं। छात्रा ने कुलपति और कुलसचिव से मामले की शिकायत करते हुए थाने में तहरीर दी है। फिलहाल विश्वविद्यालय की इंटरनल कमेटी ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### वकील और एसआई में तकरार

आगरा । आगरा में सोशल मीडिया पर पुलिस और एक अधिवक्ता के बीच तकरार का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में अधिवक्ता दरोगा पर भड़कते दिख रहा है। वो पुलिस से कह रहा है कि तू अपनी ऐठन थाने तक रखियो। भैया कहकर बहुत सम्मान कर लिया। वीडियो दो दिन पुराना बताया गया है। पुलिस का कहना है कि अधिवक्ता ने बाद में माफी मांगी ली है। दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

## ग्राम पटलौनी में आंगनवाड़ी केंद्र का हुआ लोकार्पण

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। विकास खंड बलदेव के ग्राम पंचायत पटलौनी में आंगनवाड़ी केंद्र के लोकार्पण एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पूरन प्रकाश एडवोकेट, उनके प्रतिनिधि पंकज प्रकाश, बीडीओ नेहा रावत, भाजपा महिला मंडल की उपाध्यक्ष मुदिता शर्मा, अनिल रावत, अजीत छौंकर, सीडीपीओ बलदेव एवं राया, ग्राम प्रधान व सचिव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर आंगनवाड़ी केंद्र पटलौनी का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र एवं स्मार्टफोन वितरित किए गए। जानकारी के अनुसार, विकास खंड बलदेव में 9



आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए तथा 10 कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। वहीं विकास खंड राया में 1 कार्यकर्ता को नियुक्ति पत्र और 11 कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन दिए गए।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने आंगनवाड़ी सेवाओं के सशक्तिकरण और तकनीकी संसाधनों के उपयोग से कार्य की गुणवत्ता में सुधार पर बल दिया। अंत में बीडीओ ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## मथुरा में ओले गिरे, नोएडा-गाजियाबाद में बारिश

वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, मेरठ। यूपी में बेमौसम बारिश का दौर जारी है। मथुरा में मंगलवार शाम तेज बारिश के साथ ओले गिरे। नोएडा, गाजियाबाद और हाथरस में भी शाम को अचानक मौसम बदल गया। तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। दिनभर बादल छाए रहे। कई जगह दिन में ही वाहन चालकों को गाड़ी की लाइट जलानी पड़ी। वाराणसी-मेरठ समेत 10 जिलों में बादल छाए हुए हैं। लखनऊ में भी तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने आज 40 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक, नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके चलते मौसम में बदलाव आया है। पिछले 24 घंटों की बात करें, तो बांदा सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### प्रयागराज में जज बोले- ये झकझोरने वाला अपराध, दोषी सजा-ए-मौत के काबिल

# बच्ची से रेप-हत्या करने वाले को फांसी की सजा



तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज । प्रयागराज में 8 साल की बच्ची से रेप के बाद हत्या करने वाले को सोमवार को फांसी की सजा सुनाई गई। कोर्ट ने उस पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला पॉक्सो कोर्ट के जज विनोद कुमार चौरसिया ने सुनाया।

जज ने कहा-मासूम के साथ हुई बर्बरता समाज के लिए खतरा है। मामला अत्यंत क्रूर, अमानवीय और समाज को झकझोरने वाला है। आरोपी के सुधार की संभावना शून्य है। लिहाजा दोषी सजा-ए-मौत के काबिल है।

कोर्ट ने वारदात के 18 महीने के भीतर फैसला सुनाया है। पांच दिन पहले आरोपी को दोषी करार दिया गया था। मामला सोरांव थाना क्षेत्र



मुकेश पटेल दोषी

का है। 3 अक्टूबर 2024 को 26 साल के आरोपी मुकेश पटेल ने दुर्गा पूजा देखकर लौट रही बच्ची का अपहरण किया था। बाद में उसकी हत्या कर दी थी। घटना के 12 दिन बाद पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। लोक अभियोजक (सरकारी वकील) विनय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 3 अक्टूबर 2024 को बच्ची शिवगढ़ चौराहे के पास दुर्गा पूजा पंडाल में गई थी। शाम 6:30 बजे वह घर लौट रही थी, तभी लापता हो गई।

अगले दिन 4 अक्टूबर को उसका शव गांव के किनारे धान के खेत में मिला। शव पर गंभीर चोटों के निशान थे।

### 12 दिन बाद एनकाउंटर में लगी थी गोली

सरकारी वकील ने बताया कि उस वक्त पुलिस का दावा था कि आरोपी ने पहले मासूम से दुष्कर्म किया और फिर पहचान छिपाने के लिए उसके चेहरे पर ताबड़तोड़ वार किए। उसके दांत तोड़ दिए, चेहरे पर चोट पहुंचाई और दोनों हाथ भी तोड़ दिए।

16 अक्टूबर को पुलिस ने मुठभेड़ में आरोपी को गिरफ्तार किया था। गंगानगर क्षेत्र में पुलिस ने उसे घेरा तो वह फायरिंग कर भागने लगा। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी थी।

### दिसंबर 2024 में दाखिल हुई चार्जशीट

सरकारी वकील ने बताया कि जांच के बाद पुलिस ने 10 दिसंबर 2024 को चार्जशीट (आरोप पत्र) दाखिल की थी। 21 दिसंबर 2024 को कोर्ट ने आरोप तय किए। 26 मार्च 2026 को आरोपी को दोषी करार दिया गया था। प्रयागराज के जिला एवं सत्र न्यायालय में 49 वर्षों में यह फांसी की 10वीं सजा है।

### आधुनिक संचार तकनीक पर मंथन: पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जुटे शिक्षाविद

# 5जी-6जी एंटीना डिजाइन पर राष्ट्रीय स्तर का एफडीपी शुरू

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा "5जी व 6जी के लिए एंटीना डिजाइन" विषय पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का भव्य शुभारंभ हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) में किया गया। इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल में देशभर के विभिन्न प्रतिष्ठित महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से 100 से अधिक शिक्षकों, शोधार्थियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

कार्यक्रम का उद्घाटन विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) ए. के. सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर



संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, निदेशक प्रो. (डॉ.) संजय कुमार सिंह तथा डीन एकेडेमिक्स डॉ. संजीव सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की महत्ता को और बढ़ाया। अपने संबोधन में अतिथियों ने आधुनिक संचार तकनीकों में एंटीना डिजाइन की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताया।

कार्यक्रम की विशेषता यह है कि प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ हाई फ्रीक्वेंसी स्ट्रक्चर सिम्युलेटर सॉफ्टवेयर पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। इस हैंड्स-ऑन सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों को एंटीना मॉडलिंग, सिमुलेशन और विश्लेषण की उन्नत तकनीकों की व्यावहारिक समझ विकसित करने का अवसर मिलेगा, जो उनके शोध एवं शिक्षण कार्य को नई दिशा प्रदान करेगा।

**कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. आशीष कुमार राव ने बताया कि यह एफडीपी शिक्षकों एवं शोधार्थियों को उभरती संचार तकनीकों के साथ जोड़ने का एक प्रभावी मंच है, जहां वे विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में अपने ज्ञान एवं कौशल को अद्यतन कर सकते हैं।**

### एंटीना डिजाइन का महत्व लगातार बढ़ रहा

एफडीपी के प्रथम दिवस पर विशेषज्ञों ने 5जी व 6जी संचार प्रणालियों में एंटीना डिजाइन की नवीनतम तकनीकों, उन्नत संरचनाओं तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने बताया कि आगामी पीढ़ी की वायरलेस तकनीकों में उच्च दक्षता वाले एंटीना डिजाइन का महत्व लगातार बढ़ रहा है, जो तेज गति, बेहतर कनेक्टिविटी और कम लेटेंसी सुनिश्चित करने में सहायक है।

# कल्याणपुर में गोली मारकर मर्डर करने में दो को उम्रकैद

### पुरानी रंजिश में हत्याकांड को दिया था अंजाम, 10 गवाह पेश किए गए

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम शुचि श्रीवास्तव की कोर्ट ने गोली मारकर हत्या में दो लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। दोनों पर 14-14 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि में से 10 हजार रुपये वादी मृतक के भाई को देने का आदेश दिया। कोर्ट ने दोनों को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में दोष मुक्त करार दिया। आमोद कुमार ने थाना कल्याणपुर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 21 मार्च 2004 को वह और उसका भाई अवनीश अपनी दुकान शक्ति गारमेंट्स एके गुप्ता मार्केट पुराना शिवली रोड कल्याणपुर



में सुनील कुमार को सामान दे रहे थे, तभी रात आठ बजे उसकी दुकान पर सोनू सोनकर अपने साथ अजय, मिनी और दो अन्य लोगों के साथ आए और तमंचे से अवनीश को गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर लोग दुकान की तरफ दौड़े तो यह लोग तमंचा लहराते हुए भाग गए। इन लोगों से कुछ दिन पहले विवाद हुआ था। घायल भाई को लेकर हैलट अस्पताल गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने सभी के खिलाफ हत्या और एससी-एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी।

**किशोर होने के कारण दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई किशोर न्याय बोर्ड में हुई। भूसा टोली निवासी अजय कश्यप और मिनी उर्फ ब्रजेश नाई के खिलाफ ट्रायल हुआ। अभियोजन की तरफ से 10 गवाह पेश किए गए। साक्ष्यों और गवाही के आधार पर कोर्ट ने दोनों को सजा सुनाई।**

## पृष्ठ 01 का शेष...

### पीएम मोदी ने किया ...

इसी कड़ी में पीएमनरेंद्र मोदी ने गुजरात के साणंद GIDC में 3,300 करोड़ की सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन किया है, जिसे केन्स सेमीकॉन (Kaynes Semicon) ने विकसित किया है। यह प्लांट भारत के चिप मैन्युफैक्चरिंग मिशन में एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है। आइए जरा विस्तार इसकी खासियत जानते हैं।

इस प्लांट में सबसे पहले IPMs (Intelligent Power Modules) का उत्पादन किया जा रहा है, जो आज के दौर में बेहद जरूरी हो चुके हैं। ये मॉड्यूल खासकर इलेक्ट्रिक व्हीकल, इंडस्ट्रियल मशीनों और एनर्जी-एफिशिएंट उपकरणों में इस्तेमाल होते हैं, यानी आने वाले समय में EV सेक्टर और स्मार्ट डिवाइस इंडस्ट्री को इससे बड़ा फायदा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर कहा कि यह प्लांट भारत को ग्लोबल सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन में मजबूत बनाएगा। उन्होंने मेक-इन-इंडिया (Make in India), मेक फॉर द वर्ल्ड (Make for the World) का जिक्र करते हुए बताया कि यहां बनने वाले कई प्रोडक्ट्स का निर्यात भी किया जाएगा, यानी भारत अब दुनिया को चिप्स सप्लाई करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है।

दिलचस्प बात यह है कि यह प्लांट भारत सेमीकंडक्टर मिशन (India Semiconductor Mission) के तहत विकसित किया गया है और यह देश की दूसरी ऑपरेशनल सेमीकंडक्टर यूनिट है, इससे पहले माइक्रोन टेक्नोलॉजी (Micron Technology) भी भारत में अपना प्लांट शुरू कर चुकी है।

यह सिर्फ एक फैक्ट्री नहीं, बल्कि भारत के टेक्नोलॉजी सुपरपावर बनने की दिशा में बड़ा कदम है। आने वाले सालों में ऐसे प्रोजेक्ट्स भारत को ग्लोबल चिप हब बना सकते हैं।

### बिहार- नालंदा के ...

आज नालंदा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति शामिल हुईं। उनकी सुरक्षा में 8 जिलों के 2500 जवानों को लगाया गया था, जबकि मंदिर में जुटी 25 हजार की भीड़ के लिए एक भी पुलिस वाले की तैनाती नहीं थी।

हादसे के बाद पटना कमिश्नर को बिहार शरीफ भेजा गया है। सीएम ने मुख्य सचिव को जांच के निर्देश दिए हैं। दीपनगर थाने के SHO राजमणि को सस्पेंड कर दिया गया है।

सरकार ने मृतकों के आश्रितों को 6 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। वही केंद्र सरकार ने 2 लाख के मुआवजे की घोषणा की है।

नालंदा पहुंचे DGP विनय कुमार ने कहा कि मंदिर परिसर में बहुत कमियां हैं। निश्चित तौर पर यहां पुलिस की टीम होनी चाहिए थी। SHO को संस्पेंड किया गया है। चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार के चलते पटना और आसपास के इलाकों से भी दर्शन के लिए पहुंचे थे। इस वजह भीड़ बहुत बढ़ गई।

मंदिर परिसर छोटा था। भीड़ को कंट्रोल करने के इंतजाम नहीं थे। लोगों में पहले दर्शन करने की होड़ लग गई।

लोग कतार में लगने की जगह आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे। इससे भगदड़ की स्थिति बन गई। कई लोग भीड़ के नीचे दब गए।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसे के बाद पुलिस और एंबुलेंस को पहुंचने में भी देर हुई।

आज चैत्र का आखिरी मंगलवार है। मघड़ा शीतला मंदिर में इस दिन हर साल भीड़ होती है, मंदिर प्रबंधन को इस बात की जानकारी थी, इसके बाद भी भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए अलग से कोई इंतजाम नहीं किया गया था। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग तक नहीं की गई थी। सुबह 8 से 9 बजे के बीच भीड़ अव्यवस्थित हो गई। बढ़ती भीड़ को कंट्रोल करने की बजाए मंदिर प्रबंधन और वहां मौजूद पुजारी फायदा उठा रहे थे। वे लोगों से पैसा लेकर पीछे के दरवाजे से माता का दर्शन कराने लगे। इन्हें रोकने वाला कोई नहीं था, ये अपनी मनमानी कर रहे थे। इसके कारण लोगों में नाराजगी बढ़ती चली गई।

मंदिर परिसर में न तो सुरक्षा का कोई इंतजाम था और न ही भीड़ को कंट्रोल करने के लिए किसी पुलिसकर्मी को तैनात किया गया था। मेले की पहले से जानकारी होने के बाद भी प्रशासन की तरफ से यहां किसी मजिस्ट्रेट को तैनात नहीं किया गया था। घटना स्थल से 30KM की दूरी पर राष्ट्रपति आने वाली थीं, वहां 8 जिले के ढाई हजार जवान तैनात किए गए थे।

### दर्शन की जल्दबाजी...

इस बीच एक महिला को चक्कर आ गया, जिससे वो वहीं गिर पड़ी। कुछ लोग उसे संभालने लगे, और भीड़ को पीछे करने की कोशिश की। इस दौरान भगदड़ मच गई।'

### लखनऊ में बसपा ...

ऐसे में इस बैठक में पार्टी के पारंपरिक वोट बैंक को मजबूत करने और नए वर्गों को जोड़ने पर भी मंथन होगा। सूत्रों के मुताबिक, मायावती पार्टी कार्यकर्ताओं को जनता के बीच अधिक सक्रिय रहने और जमीनी मुद्दों को उठाने के निर्देश दे सकती हैं। इसके अलावा, सामाजिक न्याय, दलित अधिकार और अन्य मुद्दों पर पार्टी की रणनीति को और धार देने पर भी चर्चा होने की संभावना है।

हालांकि अभी कोई बड़ा चुनाव नजदीक नहीं है, लेकिन बसपा पहले से ही अपनी तैयारियों को मजबूत करने में जुट गई है। इस बैठक में आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को सक्रिय करने और संभावित रणनीतियों पर विचार किया जाएगा। पार्टी नेतृत्व यह सुनिश्चित करना चाहता है कि कार्यकर्ता पूरी तरह से सक्रिय रहें और किसी भी चुनावी परिस्थिति के लिए तैयार रहें। इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और जनसंपर्क अभियान भी शुरू किए जा सकते हैं।

इस बैठक से पार्टी कार्यकर्ताओं को एक नया संदेश मिलने की उम्मीद है। मायावती अक्सर अपने संबोधन में स्पष्ट दिशा-निर्देश देती हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। पार्टी के भीतर यह भी चर्चा है कि बैठक में कुछ महत्वपूर्ण संगठनात्मक बदलाव या नए फैसले भी लिए जा सकते हैं, जिससे पार्टी को आगामी समय में मजबूती मिल सके।

विशेषज्ञों का मानना है कि बसपा की यह बैठक केवल संगठनात्मक समीक्षा तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि प्रदेश के बदलते राजनीतिक समीकरणों पर भी चर्चा होगी। उत्तर प्रदेश की राजनीति में लगातार हो रहे बदलावों को देखते हुए बसपा अपनी रणनीति को नए सिरे से तैयार करना चाहती है। ऐसे में यह बैठक पार्टी के लिए दिशा तय करने का काम कर सकती है।

### अमेरिका किसी देश ...

अमेरिका ने ईरान के इस्फहान शहर में एक बड़े हथियार डिपो पर एयरस्ट्राइक की है। वॉल स्ट्रीट जर्नल रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला सोमवार रात को किया गया। इसके लिए 2000 पाउंड के बंकर-बस्टर बमों का इस्तेमाल हुआ।

रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि इस डिपो में बड़ी मात्रा में हथियार और सैन्य सामग्री रखी गई थी, जिसे निशाना बनाया गया। बंकर-बस्टर बमों का इस्तेमाल मजबूत और भूमिगत ठिकानों को तबाह करने के लिए किया जाता है। हमले के बाद डिपो में रखे हथियारों में विस्फोट होने से कई धमाके हुए और इलाके में आग के बड़े गुबार उठे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी सोशल मीडिया पर धमाकों का एक वीडियो शेयर किया है। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने पिछले 24 घंटों में ईरान में 230 से ज्यादा हवाई हमले किए हैं। इजराइल का कहना है कि ये हमले प्लांड ऑपरेशन का हिस्सा हैं, जिसका मकसद ईरान की सैन्य ताकत को कमजोर करना है।

ईरान का कहना है कि इजराइल और अमेरिका सिर्फ सैन्य ठिकानों पर नहीं, बल्कि आम नागरिकों से जुड़ी जगहों पर भी हमला कर रहे हैं। वहीं, ईरान के विदेश मंत्री अरागची ने मंगलवार को दावा किया कि हमलों में दवा (फार्मा) कंपनियों को भी नुकसान पहुंचा है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान के साथ बातचीत जारी है।




रवींद्र जडेजा ने शिवम दुबे को आउट करने के बाद कुछ इस तरह इशारा किया।

## वैभव का पहली बॉल पर कैच छूटा ■ सिक्स लगाकर फिफ्टी पूरी की

# जडेजा ने दुबे को आउट कर के किया गन सेलिब्रेशन

राजस्थान और चेन्नई से एक-एक प्लेयर ने डेब्यू किया। राजस्थान से तेज गेंदबाज बृजेश शर्मा और चेन्नई से कार्तिक शर्मा ने अपना पहला मैच खेला। कार्तिक को बृजेश शर्मा ने ही पवेलियन भेजा। वे 18 रन ही बना सके। बृजेश ने 3 ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया।



संजू सैमसन 6 रन बनाकर बोल्ड हो गए।

### जीत

**गुवाहाटी, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स ने जीत के साथ IPL 2026 की शुरुआत की। टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हरा दिया। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में चेन्नई 19.4 ओवर में 127 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। राजस्थान ने 12.1 ओवर में 2 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। इस मुकाबले में कई दिलचस्प मोमेंट्स देखने को मिले। वैभव का पहली ही गेंद पर कैच छूट गया। पारी में आगे उन्होंने सिक्स लगाकर फिफ्टी पूरी की। रवींद्र जडेजा ने शिवम दुबे को आउट करके गन सेलिब्रेशन किया। संजू सैमसन पहली बार चेन्नई के लिए खेले। वे इस पारी में सिर्फ 6 रन बना सके। उन्हें साउथ अफ्रीकी तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने बोल्ड किया।

### रॉयल्स को रिव्यू में विकेट

चौथे ओवर में राजस्थान रॉयल्स को रिव्यू पर विकेट मिला। नांद्रे बर्गर ने ओवर की पहली बॉल शॉर्ट ऑफ लेंथ फेंकी। आयुष म्हात्रे पुल शॉट खेलने गए, लेकिन कॉट बिहाइंड हो गए। अंपायर ने बल्लेबाज को नॉट आउट दिया था। इसके बाद विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के कहने पर कप्तान रियान पराग ने रिव्यू लिया। रीप्ले में दिखा की म्हात्रे के बैट से लगाकर बॉल कीपर के पास गई। अंपायर को फैसला बदलना पड़ा और म्हात्रे शून्य के स्कोर पर आउट हो गए।



आयुष म्हात्रे के आउट होने के बाद सरफराज खान इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान पर उतरे। क्रीज पर आने से पहले अंपायर ने सरफराज के बैट की जांच की, लेकिन उनका बैट टेस्ट में पास नहीं हुआ। इसके बाद उन्हें बैट बदलना पड़ा।

### जडेजा का गन सेलिब्रेशन

राजस्थान के लिए 17 साल बाद खेलने उतरे रवींद्र जडेजा ने अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट ले लिए। 8वें ओवर की दूसरी बॉल जडेजा ने गुड लेंथ पर फेंकी। सरफराज खान स्वीप शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद उनके पैड पर लग गई। सरफराज 17 रन बनाकर आउट हुए।

शिवम दुबे बैटिंग करने उतरे, उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। जडेजा ने आखिरी गेंद पर हिसाब बराबर किया और दुबे को लॉन्ग ऑफ पर कैच करा दिया। इसके बाद जडेजा ने हाथ से बंदूक का इशारा बनाते हुए गोली दाग दी। दुबे 6 रन ही बना सके।

# जडेजा ने अपनी पुरानी टीम सीएसके का लोगो चूमा

## बोले- टीम से अलग होना आसान नहीं था, 13 साल चेन्नई के लिए आईपीएल खेले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स की जीत के बाद ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने अपनी पुरानी टीम चेन्नई के लोगो को चूम लिया। उनका यह इमोशनल जेस्चर वायरल हो गया। सोमवार को गुवाहाटी में खेले मुकाबले में राजस्थान ने चेन्नई को 8 विकेट से हराया।

मैच के बाद जडेजा ने लेफ्ट आर्म पेसर खलील अहमद से मुलाकात की और उनकी जर्सी पर बने चेन्नई के लोगो को चूमा। उन्होंने माना कि टीम से अलग होना आसान नहीं था। जडेजा बोले कि 12-13 साल एक ही फ्रेंचाइजी के साथ बिताने के बाद बदलाव भावुक करने वाला था, लेकिन इसे करियर का हिस्सा मानकर स्वीकार किया। जडेजा ने मैच में दो अहम विकेट लिए। उन्होंने शिवम दुबे और सरफराज खान को आउट किया। दुबे को आउट करने के बाद उनका गन सेलिब्रेशन वायरल हुआ। राजस्थान ने चेन्नई को 127 रन पर रोककर 12.1 ओवर में 2 विकेट खोकर जीत हासिल की।



रवींद्र जडेजा ने चेन्नई के लिए पहला मैच 2012 सीजन में खेला था। नीलामी में CSK ने उन्हें 9.72 करोड़ रुपये में खरीदकर टीम में शामिल किया था।

### राजस्थान में फिर मिली नई शुरुआत

जडेजा अब उसी टीम में लौटे हैं, जहां से उनका IPL करियर शुरू हुआ था। 17 साल बाद राजस्थान में वापसी कर रहे जडेजा ने हल्के अंदाज में कहा कि अब गुलाबी रंग अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि वह पॉजिटिव सोच के साथ टीम में आए हैं, जहां सीखने के साथ अपना अनुभव भी साझा करना चाहते हैं।

## मुख्यमंत्री मरियम नवाज पर कमेंट किया था, बोर्ड ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का उल्लंघन माना


# पीसीबी ने गेंदबाज नसीम शाह पर जुर्माना लगाया



PCB चेयरमैन मोहसिन नकवी और मरियम नवाज की यह फोटो 26 मार्च की है, जब PSL के ओपनिंग डे पर दोनों स्टेडियम पहुंचे थे।

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने 2 करोड़ पाकिस्तानी रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई मरियम नवाज की आलोचना वाले ट्वीट के बाद हुई, जिसे नसीम के अकाउंट से पोस्ट होने के कुछ देर बाद डिलीट कर दिया गया। PCB ने इसे सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की शर्तों का उल्लंघन माना। विवाद की शुरुआत PSL के पहले मैच के बाद हुई। PCB चेयरमैन मोहसिन नकवी ने पहले घोषणा की थी कि ईंधन बचाने और पश्चिमी एशिया संकट के कारण टूर्नामेंट बिना दर्शकों के होगा। लेकिन मैच के दौरान पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज गद्दाफी स्टेडियम पहुंचीं और खिलाड़ियों से मिलीं। नसीम शाह के अकाउंट से PCB के एक पोस्ट को कोट-ट्वीट करते हुए लिखा गया 'उन्हें लॉर्ड्स की रानी की तरह ट्रीट क्यों किया जा रहा है?'



PCB की तीन सदस्यीय अनुशासन समिति ने इस मामले में सुनवाई की। नसीम ने बिना शर्त माफी मांगी और अपने सोशल मीडिया मैनेजर को बर्खास्त कर दिया। PCB ने न केवल नसीम पर भारी जुर्माना लगाया, बल्कि उनके मैनेजर को भी ब्लैकलिस्ट कर दिया है। अब वह मैनेजर PCB के दायरे में आने वाले किसी भी अन्य खिलाड़ी के साथ काम नहीं कर पाएगा।

### नसीम ने मीडिया टीम की गलती बताई

विवादित ट्वीट के कुछ मिनट बाद ही उसे डिलीट कर दिया गया। इसके बाद नसीम ने एक और पोस्ट कर सफाई दी कि उनका अकाउंट हैक हो गया था। सोमवार को उन्होंने एक नया बयान जारी कर कहा, 'मेरे अकाउंट से पिछला पोस्ट मेरी मैनेजमेंट टीम ने किया था, वह मेरे विचार नहीं हैं। मैं अपने प्लेटफॉर्म की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और सोशल मीडिया मैनेजर को हटा दिया है। मैं इस गलती के लिए माफी मांगता हूं।'

## मनोरंजन

## टीजर रिलीज करने से पहले मेकर्स की जबरदस्त तैयारी

# 4000 करोड़ की 'रामायण' के आगे धुरंधर 2 हो जाएगी ध्वस्त !

लॉस एंजेलिस में फैंस ने देखा 'रामायण पार्ट 1' का टीजर

'धुरंधरः द रिवेंज' का रिकॉर्ड तोड़ सकती है 'रामायणः पार्ट 1'

रणबीर का श्रीराम अवतारः रणबीर कपूर को पहली बार 'श्रीराम' के किरदार में देखने के लिए फैंस के बीच भारी उत्सुकता है। जब से इस फिल्म की घोषणा हुई है, तभी से इसे लेकर जबरदस्त क्रेज बना हुआ है।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रणबीर कपूर अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'रामायणः पार्ट 1' के साथ बॉक्स ऑफिस पर तूफान लाने की तैयारी कर चुके हैं। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी यह फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। फिल्म का पहला भाग इसी साल दीवाली के मौके पर रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 2026 में 'धुरंधरः द रिवेंज' के लिए एक बड़ा खतरा साबित हो सकती है। मेकर्स ने न सिर्फ फिल्म को बड़े स्केल पर बनाने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया है, बल्कि 'धुरंधर 2' का रिकॉर्ड ब्रेक करने के लिए भी कई धांसू स्ट्रेटेजी बनाई हैं।

### लॉस एंजेलिस में 'रामायण' का फैंस ने देखा टीजर

रणबीर कपूर और साई पल्लवी की इस माइथोलॉजिकल फिल्म का टीजर इंडिया में हनुमान जयंती के मौके पर 2 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा, लेकिन लॉस एंजेलिस में फैंस इस ग्रैंड फिल्म की पहली झलक देख चुके हैं। न्यूज 18 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में मेकर्स ने लॉस एंजेलिस में एक स्पेशल स्क्रीनिंग रखी थी, जिसमें 'रामायण' की पहली झलक दिखाई गई। रिपोर्ट्स की मानें तो, विदेशी मार्केट में यह फिल्म 'रामा' (Rama) के नाम से रिलीज हो रही है।

स्क्रीनिंग के दौरान किसी भी फैन को इसे रिकॉर्ड करने की परमिशन नहीं दी गई थी, लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि जिसने भी रणबीर कपूर को 'श्रीराम' के लुक में देखा, वह उनकी तारीफ करते नहीं थका। स्क्रीनिंग के बाद 'रामायण' के मेकर्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की, जिसकी कई तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में रणबीर अपने फैंस से मिल रहे हैं और उनके चेहरे पर एक गजब का कॉन्फिडेंस साफ नजर आ रहा है।





साउथ मार्केट पर पकड़ : 'धुरंधर 2' ने साउथ ऑडियंस को थिएटर्स तक लाने की कोशिश जरूर की, लेकिन वह बड़े पैमाने पर रीजनल ऑडियंस को खींचने में हल्की सी चूक गई। वहीं दूसरी तरफ, 'रामायण' में मेकर्स ने इस बात का खास ध्यान रखा है। फिल्म में 'रॉकिंग स्टार' यश और साई पल्लवी जैसे बड़े साउथ स्टार्स हैं, जिनकी वहां तगड़ी फैन फॉलोइंग है।

रामायण के दोनों पार्ट्स को बनाने में मेकर्स का आया बड़ा खर्चा

### दीवाली पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'रामायणः पार्ट 1'

रणबीर कपूर की 'रामायणः पार्ट 1' इस साल दीवाली के मौके पर रिलीज होगी। कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर 'रणबीर कपूर वर्सेस रणवीर सिंह' की लहर दौड़ी थी, जिसमें फैंस तुलना कर रहे थे कि दोनों में से कौन-सा एक्टर ज्यादा बेहतर है। 'धुरंधरः द रिवेंज' की तरह ही 'रामायण' को लेकर दर्शकों में काफी उत्सुकता है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या रणबीर कपूर बॉक्स ऑफिस पर सभी को गलत साबित करते हुए अपनी वर्सेटिलिटी का डंका बजा पाते हैं या नहीं। 'रामायण' के भारी-भरकम बजट की चर्चा लंबे समय से हो रही है। बताया जा रहा है कि यह भारत की अब तक की सबसे महंगे बजट की फिल्म है। खुद फिल्म के निर्माता नमित मल्होत्रा ने प्रखर गुप्ता के पॉडकास्ट में खुलासा किया है कि दो हिस्सों में बन रही इस 'रामायण' का कुल बजट तकरीबन 4300 करोड़ रुपये है।

### धुरंधर-2 के मेजर इकबाल अर्जुन रामपाल भावुक हुए

नई दिल्ली। रणवीर सिंह स्टारर धुरंधर-2 ने 11 दिनों में कई रिकॉर्ड बनाए हैं। फिल्म 1365 करोड़ कलेक्शन के साथ बॉलीवुड की तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग और इंडियन सिनेमा की पांचवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म की सफलता से मेजर इकबाल का किरदार निभाने वाले अर्जुन रामपाल भावुक हो गए और उन्होंने टीम का धन्यवाद किया।

अर्जुन रामपाल ने पहली फिल्म मोक्ष से अब तक की तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर लिखा है, 'बचपन में काउबॉय बनने से लेकर धुरंधर तक मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूं कि इस सफर में इतने लोग साथ रहे। मेरे प्यारे फैंस, साथ देने के लिए दिल से धन्यवाद।'

आगे उन्होंने लिखा, 'धुरंधर की इस शानदार टीम का शुक्रिया, आप सब मेरे मजबूत सहारा रहे।

# कॉमेडियन सुनील पाल की इवेंट में बेइज्जती

## गुलदस्ता देने के लिए मंच पर बुलाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मशहूर कॉमेडियन सुनील पाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें उनके साथ बुरा व्यवहार किया गया। वीडियो एक इवेंट का है, जहां उन्हें गुलदस्ता देने के लिए मंच पर बुलाया गया और बाद में बेइज्जती कर उतरने को कहा गया। वायरल वीडियो मुंबई में हुए एक मुशायरे का है, जहां कुछ कवि मंच पर बैठे हैं। एक शख्स सुनील पाल को गुलदस्ता देने के लिए बुलाता है। वह झुककर आभार जताते हैं और माइक पर धन्यवाद कहना चाहते हैं, लेकिन पास खड़ा शख्स उन्हें बार-बार उतरने को कहता है। इस दौरान सुनील पाल संयम रखते हुए बार-बार झुककर आभार जताते हैं, लेकिन शख्स उन पर उतरने का दबाव बनाता रहता है। जैसे ही वह माइक पकड़ते हैं, शख्स उनका हाथ हटाकर कहता है, एक सेकेंड, आप स्टेज से उतरिए। इसके आगे कुछ नहीं, जितना किया है उतना है, आप बैठ जाइए जाकर। इस पर सुनील कहते हैं, 'शुक्रिया तो कहने दें'। शख्स अपमानित लहजे में कहता है, 'आप बैठिए जाकर', और उनका माइक छीनकर जबरदस्ती उतार देता है।



# कराची बम ब्लास्ट में बाल बाल बचे थे सोनू निगम

## कॉन्सर्ट में जाते हुए धमाका हुआ, फिर भी दी परफॉर्मेंस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पॉपुलर सिंगर सोनू निगम ने हाल ही में एक वीडियो जारी कर बताया है कि किस तरह वो साल 2004 में पाकिस्तान के कराची में हुए एक बम धमाके में बाल-बाल बचे थे। सिंगर को कराची में एक परफॉर्मेंस देनी थी, लेकिन वेन्यू पर पहुंचने से ठीक पहले उनकी गाड़ी के पीछे धमाका हो गया, ऐसे में कुछ पाकिस्तानियों ने उनकी जान बचाई थी।

सोनू निगम ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से 10 अप्रैल 2004 में कराची में हुए एक कॉन्सर्ट से जुड़ा एक वीडियो जारी किया है। दरअसल, सोनू निगम अप्रैल 2004 में परिवार के साथ कराची पहुंचे थे। वो 6 दिनों तक वहीं रहे, शॉपिंग की और घूमे-फिरे। 10 अप्रैल को उन्हें जियो चैनल के शो में परफॉर्म करना था। वो बस से परिवार और टीम के साथ वेन्यू पर पहुंचे ही थे कि अचानक पार्किंग एरिया में बम ब्लास्ट हो गया। उनकी बस तेजी से ग्राउंड की तरफ गई और शोर मचाने पर सिक्योरिटी ने उन्हें घेर लिया।



सिक्योरिटी टीम उन्हें वेन्यू के पास स्थित मरीना होटल ले गई, जहां स्टाफ ने उनका स्वागत किया और उन्हें लॉबी में बैठाकर उनकी खातिरदारी की। सोनू निगम के अकाउंट से जारी किए गए वीडियो में उस शो के ऑर्गेनाइजर का भी बयान है, जो कह रहे हैं, मरीना होटल में जब हमने बताया कि हमें थोड़ी देर के लिए यहां रुकना है, सोनू निगम साथ हैं, तो वो तो बहुत खुश हो गए। स्टाफ ने कहा, अरे, सोनू निगम हैं, आप इन्हें अंदर लेकर आएं। हम सोनू को अंदर लेकर गए, वो लॉबी में बैठे, सोनू को रिलेक्स किया गया।

# फिलिस्तीनी अपराधियों को 90 दिन में फांसी

**सजा**

## अपील करने का अधिकार खत्म, मंत्रियों ने संसद में शैंपेन खोल जश्न मनाया



■ राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इत्तमार बेन ग्विर ने संसद में इस बिल का प्रस्ताव रखा था।

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल की संसद (नैसेट) ने सोमवार को फिलिस्तीनी अपराधियों को सजा देने वाला बिल पास कर दिया है। इसके तहत वेस्ट बैंक के फिलिस्तीनियों को इजराइली नागरिकों की हत्या करने या आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने पर सीधे मौत की सजा दी जा सकेगी। इसमें अपील का भी कोई अधिकार नहीं होगा। सजा सुनाए जाने के 90 दिनों के अंदर फांसी दी जाएगी। यह कानून राष्ट्रवादी या आतंकवादी इरादे से की गई हत्याओं पर लागू होगा। हालांकि, अदालत को विशेष कारणों के तहत उम्रकैद की सजा देने का भी अधिकार होगा।

यह बिल राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इत्तमार बेन ग्विर ने आगे बढ़ाया था। बिल पास होने के बाद बेन ग्विर और दूसरे सांसदों ने संसद में ही शैंपेन की बोतल खोलकर जश्न मनाया।



■ बिल पास होने के तुरंत बाद सांसद शैंपेन की बोतल खोलकर जश्न मनाने लगे।

उन्होंने कहा, "आज इजराइल खेल के नियम बदल रहा है, जो यहूदियों की हत्या करेगा, वह सांस नहीं ले सकेगा।" बेन ग्विर ने पहले धमकी दी थी कि अगर बिल पर वोट नहीं कराया गया तो उनकी पार्टी सरकार से समर्थन वापस ले लेगी।

इजराइल के पूरे इतिहास में केवल दो बार ही मौत की सजा दी गई। पहला मामला 1948 के अरब-इजराइली युद्ध के दौरान का है। इजराइली सेना के कैप्टन मेयर टोबियान्स्की को जासूसी के आरोप में एक सैन्य अदालत में दोषी ठहराया गया और उसी दिन फायरिंग स्क्वाड से गोली मारकर सजा दी गई।

बाद में जांच में पता चला कि वे निर्दोष थे। 1950 के दशक में उन्हें मरणोपरांत बरी कर दिया गया और पूरे सैन्य सम्मान के साथ फिर से दफनाया गया। दूसरा मामला 1962 का है, जब होलोकॉस्ट के प्रमुख वास्तुकार एडोल्फ आइचमैन को फांसी दी गई। 1960 में आइचमैन को इजराइली खुफिया एजेंटों ने अर्जेंटीना से पकड़ा था।

### इजराइली संगठनों ने बिल को भेदभाव वाला बताया

मानवाधिकार संगठनों ने इसे नस्लीय भेदभावपूर्ण और बदला लेने वाली नीति बताया है। इस बिल का विरोध करते हुए इजराइल के मानवाधिकार और नागरिक समाज संगठनों ने कहा कि यह कानून फिलिस्तीनियों के खिलाफ नस्लीय हिंसा को बढ़ावा देंगे।

संगठनों ने इसे फिलिस्तीनियों को निशाना बनाने वाला और इजराइलियों को छूट देने वाला बताया। विपक्षी नेता यायर लापिद ने बिल की आलोचना करते हुए इसे हमास के सामने समर्पण बताया। उन्होंने कहा, "हम हमास जैसे नहीं हैं, हम हमास के बिल्कुल उलट हैं।"



> बिल पास होने के तुरंत बाद इस बिल के खिलाफ इजराइल के सिविल राइट्स संगठन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। साथ ही इसे असंवैधानिक बताते हुए खारिज करने की मांग की है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहले इस बिल का विरोध किया था, लेकिन गाजा सीजफायर लागू होने के बाद उन्होंने अपना रुख बदल लिया और अंतिम वोट में इसका समर्थन किया।

### इजराइल में फिलिस्तीनियों और इजराइली यहूदियों के लिए अलग कानून

इस बिल की मांग इजराइल के चरमपंथी दक्षिणपंथी गुट लंबे समय से करते आ रहे थे। वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों पर मिलिट्री कानून लागू होता है। इस बिल के जरिए मिलिट्री कोर्ट के नियमों में बदलाव कर दिया गया है, जिससे अब जज बिना सर्वसम्मति के भी मौत की सजा सुना सकेंगे।

दूसरी ओर, इजराइली यहूदी बस्ती निवासी जो वेस्ट बैंक में रहते हैं, उनपर इजराइली सिविलियन कानून लागू होता है। इसका मतलब है कि उनका मुकदमा सामान्य इजराइली नागरिक अदालतों में चलता है।

इसका नतीजा यह है कि एक ही इलाके में दो लोग एक ही तरह का अपराध करें, तो उन्हें अलग-अलग सजा दी जाएगी। इससे फिलिस्तीनियों के लिए मौत की सजा की आशंका बढ़ जाएगी।

**फास्ट न्यूज**

### कंपनी डिफॉल्ट हुई तो सबसे पहले मजदूरों को मिलेगा बकाया

नई दिल्ली। लोकसभा ने 30 मार्च को दिवालियापन कानून में बदलाव वाला बिल पास कर दिया। अब कोई कंपनी दिवालिया होने पर उसकी संपत्ति बेचकर जो पैसा मिलेगा, उसमें सबसे पहले मजदूरों और कर्मचारियों की रुकी हुई सैलरी और बकाया चुकाया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह नया सिस्टम पुराने फास्ट-ट्रैक प्रोसेस की जगह लेगा, क्योंकि पुरानी व्यवस्था ठीक से काम नहीं कर रही थी।

### सुकन्या में 8.2% और पीपीएफ पर 7.1% ब्याज मिलता रहेगा

नई दिल्ली । सरकार ने अप्रैल-जून (Q1FY27) तिमाही के लिए स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स जैसे-पब्लिक प्रोविडेंट फंड (PPF), पोस्ट ऑफिस FD, सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) और नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (NSC) के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। यह लगातार 9वीं तिमाही है, जब ब्याज दरें अपरिवर्तित रहेंगी। सरकार ने आखिरी बार दिसंबर 2023 में इंटरेस्ट रेट्स में बढ़ोतरी की थी। पब्लिक प्रोविडेंट फंड (PPF) पर 7.1% और सुकन्या समृद्धि योजना पर 8.2% ब्याज मिलता रहेगा।

### मुनाफे के चक्कर में ग्राहकों को भूली कंपनी

न्यूयॉर्क । जब स्टीव कैहिलेन को क्राफ्ट हाइंज का सीईओ बनाया गया, तो काम साफ था- कंपनी को दो हिस्सों में तोड़ना। लेकिन महज छह हफ्ते के भीतर उन्होंने वह फैसला पलट दिया। उन्होंने बोर्ड को समझाया, वॉरेन बफे के उत्तराधिकारी ग्रेग एबेल को फोन किया और कहा, 'यह कंपनी ठीक हो सकती है, तोड़ने की जरूरत नहीं है।'

# टोल प्लाजा पर कल से नगद भुगतान नहीं होगा

## टैक्स बचाने के लिए आज आखिरी दिन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कल यानी 1 अप्रैल से देश के सभी टोल प्लाजा पर नगद भुगतान बंद हो जाएगा। वाहन चालक सिर्फ फास्टैग या UPI पेमेंट के जरिए ही टोल टैक्स चुका सकेंगे।

इसके अलावा, आज रात 12 बजे के बाद देश में टैक्स और बैंकिंग से जुड़े 3 बड़े कामों की डेडलाइन खत्म हो रही है। कल से टैक्स, रेलवे और बाजार से जुड़े 10 नियम भी बदल जाएंगे।

पब्लिक प्रोविडेंट फंड (PPF), नेशनल पेंशन स्कीम (NPS) या सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) को चालू रखने के लिए हर साल 250 से 500 तक न्यूनतम राशि जमा करना अनिवार्य है। अगर खाता बंद हो गया तो चालू कराने के लिए पेनाल्टी लगेगी और बैंक के चक्कर काटने होंगे।




पुरानी टैक्स रिजीम में टैक्स बचाने के लिए निवेश करने का कल आखिरी दिन है। सेक्शन 80C के तहत 1.5 लाख तक की छूट पाने के लिए आप PPF, लाइफ इंश्योरेंस में निवेश कर सकते हैं।

इसके अलावा, 80D के तहत हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम और मेडिकल खर्चों पर 1 लाख तक की छूट मिलती है। 1 अप्रैल या उसके बाद किया गया निवेश अगले साल के खाते में गिना जाएगा।

अगर आप नौकरीपेशा हैं, तो आपको अपने ऑफिस में इन्वेस्टमेंट प्रूफ जमा करने होंगे।

## जहाजों को होर्मुज से नहीं गुजरना होगा, खाड़ी देशों पर निर्भरता कम करने की प्लानिंग

# अंगोला से एलपीजी खरीदने की तैयारी में भारतीय कंपनियां

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईरान जंग की वजह से भारत में आई गैस की कमी से निपटने के लिए सरकारी तेल और गैस कंपनियां अब नए देशों से रसोई गैस (LPG) खरीदने का ऑप्शन तलाश रही है।

इसी वजह से इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और गेल जैसी कंपनियां अफ्रीकी देश अंगोला की सरकारी कंपनी सोनानगोल से LPG खरीदने पर बातचीत कर रही हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये कंपनियां सोनानगोल के साथ लंबे समय का समझौता करने पर विचार कर रही हैं। हालांकि, बातचीत अभी शुरुआती दौर में है और सरकार स्तर पर भी चर्चा चल रही है।




भारत और अंगोला के बीच पहले से तेल और गैस का व्यापार होता रहा है, इसलिए दोनों देशों के बीच भरोसा और सप्लाई सिस्टम पहले से बना हुआ है। इसी वजह से नई डील करना आसान हो जाता है। अंगोला में गैस उत्पादन होता है और वहां LPG के लिए जरूरी प्रोपेन और ब्यूटेन भी मिलते हैं, जिससे भारत को सीधे गैस मिल सकती है। सप्लाई के लिहाज से भी अंगोला सही विकल्प है, क्योंकि समुद्र के रास्ते गैस 12 से 18 दिन में भारत पहुंच सकती है और वहां एक्सपोर्ट की अच्छी सुविधा भी मौजूद है।

> दरअसल, भारत की 92% एलपीजी खाड़ी देशों से आती है। भारत सरकार इस निर्भरता घटाना चाहती है। ऐसे में अगर अंगोला से करार हो जाता है तो जहाज अटलांटिक और अरब सागर से होते हुए सीधे भारत पहुंचेंगे। उन्हें होर्मुज स्ट्रेट से नहीं गुजरना होगा।

### डील हुई तो भारत में पहली बार अंगोला से एलपीजी आएगी

एक्सपर्ट्स का कहना है कि अफ्रीका से गैस सप्लाई अमेरिका की तुलना में 10 से 15 दिन जल्दी भारत पहुंच सकती है। ऐसे में अंगोला भारत के लिए एक अच्छा ऑप्शन बन सकता है। अगर यह करार होता है, तो अंगोला पहली बार भारत को रसोई गैस सप्लाई करेगा। भारतीय कंपनियां LPG के लिए करीब एक साल और LNG के लिए कम से कम 10 साल का करार करने पर विचार कर रही हैं। अंगोला के पास करीब 4.6 ट्रिलियन क्यूबिक फीट नेचुरल गैस का भंडार है और वह पहले से ही भारत को कच्चा तेल और LNG सप्लाई करता रहा है। वित्त वर्ष 2025 में अंगोला भारत का पांचवां सबसे बड़ा LNG सप्लायर था।

### ऑस्ट्रेलिया-अल्जीरिया और रूस से भी एलपीजी खरीदने की तैयारी

भारत सिर्फ अंगोला ही नहीं, बल्कि ऑस्ट्रेलिया, अल्जीरिया और रूस जैसे देशों से भी गैस इम्पोर्ट के ऑप्शन तलाश रहा है, ताकि किसी एक रीजन पर निर्भरता कम की जा सके। इस गैस संकट का असर उर्वरक (फर्टिलाइजर) और स्टील सेक्टर जैसे उद्योगों पर भी पड़ सकता है। अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो गैस की कीमतें भी बढ़ सकती हैं और भारत को महंगे दामों पर गैस - खरीदनी पड़ सकती है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा है कि देश में गैस और पेट्रोलियम प्रोडक्ट की सप्लाई बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## घटना का संबंध संगठित अपराध और ड्रग्स व्यापार से, पुलिस को पास ही एक जलता वाहन भी मिला

# कनाडा में हुई भारतीय मूल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कनाडा के सरे में गोलीबारी की एक घटना में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि इस घटना का संबंध कथित तौर पर संगठित अपराध से है। इस बात की जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी।

गोलीबारी की इस घटना के बाद पास ही एक जलता हुआ वाहन मिला, जिसे पुलिस गैंगवार से जुड़ी हत्याओं की एक पहचान मान रही है। अधिकारी यह पुष्टि करने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या यह जलता हुआ वाहन गोलीबारी की घटना से जुड़ा हुआ है। रिपोर्ट में सार्जेंट फ्रेड फोंग के हवाले से कहा गया है, ₹जांचकर्ता इस हत्या से जुड़े हालात का पता लगाने और इसमें शामिल सभी लोगों की पहचान करने के लिए पूरी लगन से काम कर रहे हैं।



> ग्लोबल न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार रात सरे के सुलिवन हाइट्स स्थित एक टाउनहाउस कॉम्प्लेक्स से गोलीबारी की घटना सामने आई, जिसमें एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम ने सोमवार को एक अपडेट में बताया कि पीड़ित की पहचान 27 वर्षीय जसमन सेखों के रूप में हुई है।

### 'नशीलें पदार्थों के व्यापार में शामिल था मृतक'

IHIT के बयान का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया, ₹सेखों का पहले भी पुलिस से पाला पड़ चुका था और माना जाता था कि वह नशीले पदार्थों के धंधे में शामिल था। शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि यह संगठित अपराध से जुड़ी एक सुनियोजित घटना थी।

रिपोर्ट के अनुसार, गवाहों ने बताया कि सबसे पहले एक गहरे रंग की एसयूवी ने सेखों का पीछा किया, जिसके बाद उसमें से दो लोग बाहर निकले और उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि जब अधिकारी मौके पर पहुंचे तो सेखों को गोलियां लग चुकी थीं। अधिकारियों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाए।

# ईरान को बर्बाद करने की कसम खाने वाले ट्रंप के हौसले पस्त !

## होर्मुज खोले बिना ही युद्ध खत्म करने के दिए संकेत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मिडिल ईस्ट में चल रही लड़ाई के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान को चार से छह हफ्तों के भीतर समाप्त करने के संकेत दिए हैं। ट्रंप का मानना है कि अमेरिका अब मिडिल ईस्ट की ऊर्जा पर निर्भर नहीं है, ऐसे में वह होर्मुज स्ट्रेट को खोले बिना ही ईरान के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त कर सकते हैं।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ईरान में US मिलिट्री कैंपेन खत्म करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने अपने सहयोगियों को संकेत दिया कि वह चार से छह हफ्ते के टाइमलाइन में ईरान के खिलाफ मिलिट्री ऑपरेशन खत्म करने के लिए तैयार हैं, भले ही होर्मुज स्ट्रेट बंद रहे। ट्रंप का मानना है कि यदि अमेरिका ईरान की नौसैनिक और मिसाइल क्षमताओं को कमजोर करने जैसे अपने मुख्य उद्देश्यों को हासिल कर लेता है, तो होर्मुज स्ट्रेट के बंद रहने के बावजूद वह अपनी दुश्मनी खत्म कर सकता है और जीत का एलान कर सकता है। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि होर्मुज स्ट्रेट से होकर जाने वाला 84% तेल एशियाई बाजारों में जाता है। ऐसे में इसे फिर से खोलना अब एशिया और यूरोप की प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि अमेरिका अब मिडिल ईस्ट की ऊर्जा पर निर्भर नहीं है। ट्रंप के इस फैसले से शायद होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान का कंट्रोल और अधिक बढ़ जाएगा, अगर ट्रंप ऐसा करते हैं तो ईरान का दुनिया के इस सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक पर नियंत्रण बना रह सकता है, जिससे इसे फिर से खोलने के लिए डिप्लोमैटिक कोशिशों पर फोकस होगा। गौरतलब है कि ट्रंप ने ईरान को बार-बार चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने होर्मुज से जहाजों की आवाजाही को रोका तो भीषण हमले किए जाएंगे। ईरान को बार-बार बर्बाद करने की धमकी देने के बाद होर्मुज स्ट्रेट को बिना खुलवाए पीछे हटना ट्रंप का बड़ा यू-टर्न है।



**फैसला :** उनके घर के नजदीक यह हवाईअड्डा, पहले राष्ट्रपति होंगे जिनके कार्यकाल में नाम बदलेगा

# ट्रम्प के नाम पर होगा फ्लोरिडा एयरपोर्ट का नाम

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के फ्लोरिडा में पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदलकर राष्ट्रपति ट्रम्प के नाम पर रखने का फैसला लिया गया है। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसैंटिस ने सोमवार को एक बिल पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदलकर 'प्रेसिडेंट डोनाल्ड जे. ट्रम्प इंटरनेशनल एयरपोर्ट' किया जा रहा है।

फ्लोरिडा सरकार के फैसले के बाद अब इस नाम को लागू करने के लिए फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (FAA) को औपचारिक प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके बाद फ्लाइट चार्ट, नेविगेशन सिस्टम और एयरपोर्ट साइनेज में बदलाव किया जाएगा। FAA की मंजूरी मिलने पर 1 जुलाई से यह नाम लागू हो सकता है। ऐसा होने पर ट्रम्प पहले ऐसे राष्ट्रपति होंगे, जिनके कार्यकाल के दौरान ही उनके नाम पर एयरपोर्ट रखा जाएगा।




■ प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी की AI तस्वीर। ट्रम्प के बेटे एरिक ने शेयर की थीं।

इसके अलावा अमेरिकी करेंसी पर भी इस साल से ट्रम्प के सिग्नेचर आने की बात कही गई है। अमेरिकी इतिहास में यह पहली बार होगा, जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर नोटों पर छापे जाएंगे। ट्रेजरी विभाग ने घोषणा की कि यह कदम देश की आजादी के 250वें वर्ष के उपलक्ष्य में उठाया जा रहा है। नए नोटों के छपने से 1861 से चली आ रही 165 साल पुरानी परंपरा भी टूटे जाएगी। अब तक नोटों पर सिर्फ वित्त मंत्री और अमेरिका के ट्रेजरर के साइन होते थे। इनमें से कोषाध्यक्ष के हस्ताक्षर को हटा दिया जाएगा।

> पाम बीच इंटरनेशनल अमेरिका का नौवां ऐसा कमर्शियल एयरपोर्ट बन जाएगा, जिसका नाम किसी राष्ट्रपति पर होगा। यह एयरपोर्ट ट्रम्प के मार-ए-लागो एस्टेट के बेहद करीब है, जो उनका मुख्य निवास है।



### एयरपोर्ट का नाम ही नहीं कोड भी बदलेगा

अमेरिका में किसी एयरपोर्ट का नाम बदलना सिर्फ एक प्रशासनिक फैसला नहीं होता, बल्कि इसमें स्थानीय, राज्य और फेडरल तीनों स्तरों पर प्रक्रिया शामिल होती है। अमेरिका के ज्यादातर एयरपोर्ट स्थानीय सरकार या एयरपोर्ट अथॉरिटी के नियंत्रण में होते हैं। सबसे पहले सिटी काउंसिल एयरपोर्ट बोर्ड नाम बदलने का प्रस्ताव पास करती है। अगर एयरपोर्ट राज्य के अधिकार में है, तो गवर्नर या स्टेट लेजिस्लेचर की मंजूरी जरूरी होती है। हालांकि कुछ मामलों में सिर्फ स्थानीय मंजूरी ही काफी होती है, लेकिन बड़े एयरपोर्ट के लिए राज्य का रोल अहम होता है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (FAA) अमेरिका में एयरपोर्ट संचालन पर नजर रखने वाली प्रमुख संस्था है। नाम बदलने के बाद FAA को ऑफिशियल अपडेट भेजा जाता है। सभी एयर ट्रैफिक सिस्टम, मैप्स और डेटाबेस में नाम अपडेट होता है।

# मसूद अजहर का खत्म होता कुनबा !

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जैश-ए-मोहम्मद का सरगना और भारत में मोस्ट वॉन्टेड आतंकी मौलाना मसूद अजहर के बड़े भाई मोहम्मद ताहिर अनवर की पाकिस्तान में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि उसकी मौत रहस्यमय परिस्थितियों में हुई है। प्रतिबंधित आतंकवादी समूह के आधिकारिक चैनल ने बताया कि अनवर का अंतिम संस्कार सोमवार को पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित जामिया मस्जिद उस्मान वाली में हुआ है। हालांकि, उसकी मौत का सटीक कारण अभी तक सामने नहीं आया है। खबरों के मुताबिक, अनवर मसूद अजहर के पांच भाइयों में से एक था। इससे पहले मसूद अजहर ने पिछले साल दावा किया था कि पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत की लक्षित हवाई हमलों में उसके परिवार के 10 सदस्य और उसके चार सहयोगी मारे गए थे। अजहर के नाम से जारी एक बयान में कहा गया है कि JeM के मुख्यालय (बहावलपुर स्थित जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह) पर हुए हमले में मारे गए लोगों में उसकी बड़ी बहन, उसका पति, एक भतीजा और उसकी पत्नी, एक भतीजी और उसके बड़े परिवार के पांच बच्चे शामिल थे।



■ पहले ऑपरेशन सिंदूर में परिवार के 10 लोग मारे गए और अब बड़े भाई की रहस्यमयी मौत

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96